वर्ष : 33 ▸ अंक : 134 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, मंगलवार, 30 जुलाई 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# यूपी में 'लव जिहाद' पर अब ताउम्र होगी जेल

**लखनऊ।** यूपी में 'लव जिहाद' जैसे अपराधों पर योगी सरकार ने और कड़ी सजा करने का फैसला किया है। पहली बार इन अपराधों में आजीवन कारावास तक की सजा दिए जाने का प्रस्ताव है। सरकार ने सोमवार को विधानसभा में यूपी विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक 2024 पेश किया। इसमें पहले से परिभाषित अपराधों में सजा जहां दोगुनी तक बढ़ा दी गई है, वहीं नए अपराध भी शामिल किए गए हैं जिसमें ताउम्र जेल का प्रावधान है। 2021 में इसे विधानमंडल से पास कराकर विधिवत कानूनी जामा पहनाया गया था। तब इस कानून के तहत अधिकतम 10 साल की सजा और 50 हजार तक जुर्माना था। सोमवार को प्रस्तावित विधेयक में अपराध का दायरा और सजा दोनों ही बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है।




### फंडिंग व अपराध दोनों पर कसा शिकंजा

विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन के लिए फंडिंग को भी इस कानून के तहत अपराध के दायरे में लाया गया है। इसमें विदेशी संस्थाओं या किसी भी अवैध संस्था से हुई फंडिंग भी शामिल है। अगर कोई धर्म बदलवाने की नीयत से किसी व्यक्ति को जीवन या संपति के भय में डालता है, हमला, बल प्रयोग या शादी करने का वादा करता है या इसके लिए षड्यंत्र करता है तो उसे आजीवन कारावास के साथ जुर्माना भी भरना होगा। कोर्ट पीड़ित के इलाज के खर्च और पुनर्वास के लिए न्यायोचित धनराशि जुर्माने के रूप में तय कर सकेगी।

# पवार फैमिली में जारी है सत्ता की महाभारत

## असली NCP मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, कोर्ट ने अजीत पवार गुट से मांगा जवाब

**अमित बृज । नई दिल्ली/मुंबई**

जुलाई 2023 में अजीत पवार अपने चाचा शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तोड़कर भाजपा सरकार के गठबंधन में शामिल हो गए थे। अजीत पवार गुट और शरद पवार गुट के बीच असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को लेकर चल रहे मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (29 जुलाई) को सुनवाई की। कोर्ट ने अजीत पवार और उनके गुट के 40 विधायकों से मामले में जवाब मांगा है। शरद गुट ने महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर के अजीत गुट को असली NCP घोषित करने के खिलाफ याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पादरीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच कर रही है।



### शरद गुट की मांग जल्द सुनवाई शुरू हो

शरद गुट की ओर से पेश वरिष्ठ एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने विधानसभा का कार्यकाल नवंबर में खत्म हो जाने का तर्क देते हुए जल्द सुनवाई की मांग की। इस पर बेंच ने कहा कि उद्धव ठाकरे गुट की ओर से दायर इसी तरह की याचिका पर सुनवाई के बाद शरद गुट की इस याचिका पर सुनवाई की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम नोटिस जारी करेंगे और अंत में सभी आपत्तियों पर सुनवाई की जाएगी। इसमें अन्य रिस्पॉन्डेंट्स को भी दस्ती (नोटिस देने का एक तरीका) देने की स्वतंत्रता है। दरअसल, उद्धव ठाकरे गुट ने भी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके गुट को असली शिवसेना घोषित करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

### क्या है मामला?

महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने 15 फरवरी को अपने फैसले में कहा था कि अजित पवार के नेतृत्व वाला एनसीपी गुट असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी है। अजित पवार अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत कर कई विधायकों के साथ बीजेपी-शिवसेना सरकार में शामिल हो गये थे। नार्वेकर ने प्रतिद्वंद्वी समूहों द्वारा एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

## आसान नहीं है दादा की राह

**मुंबई।** एक तरफ जहां विधान परिषद में पूर्व विधायक बाबाजानी दुर्रानी ने कुछ ही घंटों में अजित पवार का साथ छोड़ दिया था, वहीं एनसीपी को लगातार झटके लग रहे हैं। लोकसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी की सफलता के बाद ऐसी चर्चा थी कि अजित पवार की एनसीपी के कुछ विधायक शरद पवार गुट के संपर्क में हैं। शरद चंद्र पवार गुट के सूत्रों की मानें तो नरहरि जिरवाल, चेतन तुपे, राजू नवघरे ने दादा गुट को झटका देकर शरद पवार के गुट में शामिल होने की संभावना को मजबूत कर दिया है। इसलिए तीन और विधायकों के शरद पवार गुट में शामिल होने की संभावना है। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे जब नासिक दौरे पर थे तो उन्होंने पदाधिकारियों के साथ बैठक की। लेकिन नरहरि इतनी महत्वपूर्ण बैठक से हमेशा अनुपस्थित रहे। दूसरी ओर विधायक चेतन तुपे शरद पवार के एक मंच पर आने के बाद से यह चर्चा चल रही है कि क्या वह शरद पवार के 'राष्ट्रवादी' में जाएंगे। इसके अलावा हिंगोली के वासमात के विधायक राजू नवघरे ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट से अजित पवार की पार्टी एनसीपी का आधिकारिक चुनाव चिन्ह हटा दिया है।

**अजित पवार को लग सकते हैं झटके**

▸ पेज 3 भी देखें

## अजित पवार की बढ़ी पावर

▸▸ कन्नड़ निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस विधायक नितिन पाटिल ने पहनी 'घड़ी'

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के ऐलान से पहले महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को बड़ी राहत मिली है। छत्रपति संभाजीनगर में कन्नड़ निर्वाचन क्षेत्र के एक पूर्व कांग्रेस विधायक नितिन पाटिल ने अपने हाथ पर एक 'घड़ी' बांध ली है। इसके साथ ही नितिन पाटिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में भी शामिल हो गए।



### अजित पवार ने किया स्वागत

पूर्व कन्नड़ विधायक और कन्नड़ शुगर फैक्ट्री के पूर्व अध्यक्ष नितिन पाटिल ने मुंबई में अजित पवार के घर देवगिरी में उनसे मुलाकात की। इस समय नितिन पाटिल एनसीपी का झंडा लेकर पार्टी में शामिल हो गए। इस मौके पर अजित पवार ने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में आपका स्वागत है। उन्होंने जवाब दिया कि जो लोग एनसीपी की अवधारणा में महाराष्ट्र के राष्ट्रवादी विचारों का समर्थन करते हैं, जिसमें शाश्वत प्रगति और स्थिरता है, उनका एनसीपी में स्वागत है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### बंदूक की नोक पर 11 लाख के आभूषण लेकर लुटेरे हुए फरार

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई के खारगर में इलाके में गोलीबारी कर लूटपाट करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि तीन नकाबपोश लोग एक दुकान में घुस गए और कई बार गोलीबारी की। बताया यह भी जा रहा है कि बदमाशों ने दुकान से 11 लाख रुपये से अधिक मूल्य के आभूषण लूट लिए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। खारघर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार रात 10 बजे हुई। अधिकारी ने आगे कहा कि काले कपड़े पहने तीन लोग 'रिवॉल्वर' लेकर दुकान में घुसे। उन्होंने कर्मचारियों को धमकाया, उन पर हमला किया और 11.80 लाख रुपये के आभूषण लूट लिए। उन्होंने तीन मिनट में चार से पांच बार गोलियां चलाईं। उन्होंने यह भी बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें तीनों व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर घटनास्थल से भागते हुए दिखाई दे रहे हैं और कुछ लोग उनका पीछा करने की कोशिश कर रहे हैं।

### अनिल देशमुख ने खोली समित कदम की पोल, तस्वीरें जारी

**मुंबई।** मिरज जिले के समित कदम को लेकर इन दिनों महाराष्ट्र की राजनीति गरमाई हुई है। समित इन दिनों पूरे राज्य में जिज्ञासा का विषय बन गया है। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्ववाली महाविकास आघाड़ी (मविआ) सरकार के दौरान गृह मंत्री रहे अनिल देशमुख आरोप लगा रहे हैं कि समित मौजूदा महायुति सरकार में उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस का करीबी है। देवेंद्र के निर्देश पर समित को मेरे पास आया था और उसने मुझे जेल जाने से बचाने के बदले मुझे एक फर्जी शपथ देने को कहा था, जिसमें उद्धव, उनके पुत्र आदित्य व राकां नेता व उपमुख्यमंत्री अजीत पवार पर फर्जी आरोप लगाना था। हालांकि समित ने दावा किया कि खुद देशमुख ने उसे बुलाया था। तो वहीं समित से पल्ला झाड़ने के बीजेपी के प्रयास की पोल खोलने के लिए देशमुख ने देवेंद्र और समित का एक तस्वीर भी जारी की है। अनिल देशमुख ने आरोप लगाया है कि शिवसेना में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में हुई बगावत से काफी पहले मविआ सरकार गिर गई होती। राज्य के वर्तमान गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ऐसा प्रस्ताव मेरे समक्ष रखा था।

## वायकर को समन

▸▸ मुंबई नॉर्थ वेस्ट सीट के चुनाव परिणाम का है मामला

▸▸ अमोल कीर्तिकर की अर्जी पर वायरकर को नोटिस

▸▸ बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2 सितंबर को जवाब देने का कहा



**दोपहर इन्फो :** महज 48 वोटों से जीते थे शिंदे गुट के सांसद रवींद्र वायकर

**धीरज सिंह । मुंबई**

लोकसभा चुनावों में मुंबई की नॉर्थ वेस्ट सीट से महज 48 वोटों से जीतकर सांसद बने रवींद्र वायकर को हाईकोर्ट ने समन जारी किया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने यह समन शिवसेना यूबीटी कैंडिडेट अमोल कीर्तिकर की याचिका पर जारी किया है। कीर्तिकर ने मुंबई नॉर्थ वेस्ट लोकसभा सीट से रवींद्र वायकर की जीत को चुनौती दी है। लोकसभा चुनावों में रवींद्र वायकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना से चुनाव लड़े थे। उन्होंने महायुति के कैंडिडेट के तौर पर एमवीए कैंडिडेट अमोल कीर्तिकर को शिकस्त दी थी। अमोल कीर्तिकर शिवसेना के दिग्गज नेता और 2019 में इसी सीट से जीत गजानंद कीर्तिकर के बेटे हैं। कीर्तिकर के बेटे अमोल ने हाईकोर्ट से वायकर की जीत को रद्द करने की मांग की है।

### आयोग पर मौका नहीं देने का आरोप

बॉम्बे हाईकोर्ट के जस्टिस संदीप वी. मार्ने ने अमोल कीर्तिकर की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि वायकर और अन्य प्रतिवादियों को 2 सितंबर को अदालत में पेश होकर अपना जवाब रखना होगा। अमोल कीर्तिकार ने अपनी याचिका में कहा कि वह सिर्फ 48 वोटों से हारे हैं। कीर्तिकर ने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के अधिकारियों पर पारदर्शिता की कमी और चूक का आरोप लगाया है। कीर्तिकर ने आरोप लगाया है कि उन्हें वोटों की रीकाउंटिंग के लिए आवेदन दायर करने की अनुमति नहीं दी गई। अमोल कीर्तिकार ने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग के अधिकारियों ने मतगणना क्षेत्र के अंदर मोबाइल फोन के इस्तेमाल की अनुमति दी गई।

### परिणाम को रद्द करने की मांग

उद्धव ठाकरे गुट के नेता अमोल कीर्तिकार की याचिका में दावा किया गया कि मतगणना की पुनर्गणना का अनुरोध करने के लिए आवेदन करने तथा बाद में किए गए लिखित अनुरोध को अस्वीकार करने का कोई उचित अवसर नहीं दिया गया। कीर्तिकर ने बॉम्बे हाईकोर्ट से अपील की है कि वायकर के निर्वाचन को रद्द घोषित करने और याचिकाकर्ता को 18वीं लोकसभा के लिए विधिवत निर्वाचित घोषित करने का निर्देश देने की मांग की है।

## जंजीरों से बंधी हुई मिली अमेरिकी महिला

▸▸ जेब में मिला पासपोर्ट

▸▸ अमेरिकी दूतावास ने लिया संज्ञान

**दोपहर संवाददाता । सिंधुदुर्ग**

महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में सोमवार को अमेरिकी महिला (50) लोहे की जंजीर से बंधी मिली। उसके पास तमिलनाडु के पते का आधार कार्ड और अमेरिकी पासपोर्ट की फोटोकॉपी भी मिली। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार शाम को एक चरवाहे ने महिला के रोने की आवाज सुनी। जंगल में ढूंढने पर उसने महिला को पेड़ से बंधा पाया और पुलिस को सूचना दी। अब इस मामले का संज्ञान अमेरिकी दूतावास ने लिया है। अमेरिकी दूतावास ने भारत सरकार से त्वरित जांच करने का अनुरोध किया है।

### तमिलनाडु में 10 साल से रह रही थी



**क्या है मामला?**

पुलिस ने बताया कि महिला का नाम ललिता काई है। शक है कि उसके पति ने ही उसे मुंबई से करीब 450 किमी. दूर सिंधुदुर्ग के जंगल में बांधकर छोड़ दिया। अधिकारियों के मुताबिक, महिला मानसिक रूप से बीमार है। वह अमेरिका की रहने वाली है, लेकिन पिछले 10 साल से तमिलनाडु में अपने पति के साथ रह रही थी। उसका वीजा भी खत्म हो चुका है।

### परिजनों की तलाश में पुलिस तमिलनाडु रवाना

पुलिस ने बताया कि हम उसकी नागरिकता का पता लगाने के लिए सभी दस्तावेजों का वैरिफिकेशन कर रहे हैं। इसके लिए फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस से भी संपर्क किया गया है। उसके परिजनों की तलाश और जांच के लिए पुलिस की टीमें तमिलनाडु और गोवा सहित कुछ अन्य जगहों पर भेजी गई हैं। सिंधुदुर्ग के एसपी सौरभ अग्रवाल ने कहा कि हम महिला के पास से बरामद सभी डॉक्यूमेंट्स की जांच कर रहे हैं। उनके वैरिफिकेशन और महिला के बयान के बाद ही हम किसी नतीजे पर पहुंच पाएंगे। हालांकि, महिला बयान देने की स्थिति में नहीं है। वो काफी कमजोर है। उसने कई दिनों से कुछ नहीं खाया है। अभी यह पता नहीं चला है कि वह पेड़ से कब से बंधी थी।

### साढ़े छह करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त

**नवी मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने नवी मुंबई के जेएनपीए बंदरगाह से तस्करी कर लाई गई 6.5 करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त की है। इस मामले में कस्टम ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। कस्टम सूत्रों के अनुसार नवी मुंबई के जेएनपीए बंदरगाह पर एक कंटेनर में तस्करी के जरिए विदेशी सिगरेट लाए जाने की जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर सोमवार को सुबह कस्टम की टीम ने जेएनपीए बंदरगाह में अचानक छापेमारी की।

## बाबा रामदेव को बड़ा झटका

### बॉम्बे हाई कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड पर लगाया 4 करोड़ का जुर्माना

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

बाबा रामदेव की पतंजलि की मुश्किलें खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। बंबई उच्च न्यायालय ने बाबा रामदेव की पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड एक बड़ा झटका दिया है। बंबई उच्च न्यायालय ने कपूर प्रोडक्ट को बेचने के मामले में पतंजलि पर एक बार फिर जुर्माना ठोका है। न्यायालय ने सोमवार को एक आदेश का उल्लंघन करने के पर पतंजलि आयुर्वेद



लिमिटेड पर चार करोड़ का जुर्माना लयाया है। न्यायालय की एकल पीठ ने कहा कि पतंजलि का इरादा अदालत के आदेश का उल्लंघन करने था। बंबई उच्च न्यायालय ने 2023 के एक अंतरिम आदेश की अवहेलना के लिए सोमवार को पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड पर चार करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। आदेश में मंगलम ऑर्गेनिक्स लिमिटेड द्वारा दायर 'ट्रेडमार्क' उल्लंघन मामले के संबंध में पतंजलि के कपूर उत्पाद बेचने पर रोक लगाई गई थी। न्यायमूर्ति आरआई चागला की एकल पीठ ने कहा कि अदालत के आदेश का पतंजलि ने जानबूझकर उल्लंघन किया।

**प्रोत्साहन** ▸ दिव्यांगों को मिलेगा ई-रिक्शा और 2.5 लाख का लोन

## दिव्यांगों को शिंदे सरकार ने दिया तोहफा

**दीपक पवार । मुंबई**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस वर्ष भी राज्य में दिव्यांगों को रोजगार और स्वरोजगार के लिए ई-रिक्शा वितरित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को निर्देश दिया कि सभी नगर निगम दिव्यांग भाइयों को एक ही छत के नीचे प्रशिक्षण, परामर्श, चिकित्सा सहायता जैसी सभी सुविधाएं प्रदान करने वाले पुनर्वास केंद्र शुरू करें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि ऋण की राशि बढ़ाकर 15 लाख रुपए की जानी चाहिए। दिव्यांग कल्याण निगम की एक बैठक सह्याद्री अतिथि गृह में आयोजित की गई थी। बैठक में मुख्यमंत्री के अलावा उद्योग मंत्री उदय सामंत, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विकास खड़गे, दिव्यांग कल्याण विभाग के सचिव सुमंत भांगे, निगम के प्रबंध निदेशक अभय करगुटकर आदि उपस्थित थे।



### 500 करोड़ रुपए है दिव्यांग निगम की शेयर पूंजी

दिव्यांग निगम की शेयर पूंजी 500 करोड़ रुपए है वहीं दिव्यांगों के लिए ऋण देने की सीमा 50 हजार रुपए है। बैठक में मुख्यमंत्री ने ऋण सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपए करने का प्रस्ताव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार स्वरोजगार के लिए कौशल प्रशिक्षण देने की योजना कौशल विकास विभाग के सहयोग से बनाई जाए, ताकि विकलांगों को रोजगार के अवसर मिल सकें।

### दिव्यांगों के लिए बने पुनर्वास केंद्र

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिव्यांगों को एक ही छत के नीचे आवास, प्रशिक्षण, परामर्श, चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए पुनर्वास केंद्र स्थापित करने के लिए प्रत्येक नगर निगम को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विभाग और निगम को यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए कि केंद्र सरकार की योजनाओं का राज्य में दिव्यांगों को अधिक से अधिक लाभ मिले। ऋण वितरण प्रक्रिया को फास्ट ट्रैक पर लाया जाना चाहिए, इसके लिए मोबाइल ऐप, हेल्पलाइन जैसी तकनीक की मदद ली जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने दिव्यांगों के लिए उच्च शिक्षा ऋण योजना के बारे में जागरूकता पैदा करने के निर्देश दिए।

### 667 रिक्शा खरीदने की स्वीकृति

दिव्यांग कल्याण विभाग के सचिव सुमंत भांगे ने बताया कि पिछले वर्ष निगम द्वारा स्वरोजगार के लिए 797 बैटरी चालित रिक्शा स्वीकृत किए गए थे। इनमें से 600 रिक्शा आवंटित किए जा चुके हैं तथा इस वर्ष भी 667 रिक्शा खरीदने की स्वीकृति 29 जुलाई को आयोजित बैठक में दी गई।

## महाराष्ट्र में बनने वाली है महाविकास अघाड़ी सरकार : आदित्य ठाकरे

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने महाराष्ट्र की शिंदे सरकार पर निशान साधा है। उन्होंने मुंबई समेत राज्य की सड़कों पर गड्ढों को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा था कि दो साल में मुंबई गड्ढों से मुक्त हो जाएगी। उसका क्या हुआ? सरकार अपने ही ठेकेदारों को कांटेक्ट देती है और इसके बाद रास्ते का काम करवाती है। उन्होंने कहा कि, पांच साल में 6,000 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट



चालू करने की क्या जरूरत थी? हमारी सरकार नवंबर में आएगी तो पूरे कॉन्टैक्टर, ठेकेदार और सारे अफसरों की जांच की जाएगी। जांच करने के बाद जो भी दोषी होता है, उसे हम जेल में डालेंगे।

### दो वर्षों से महाराष्ट्र में चल रही है 'प्रिय ठेकेदार योजना'

आदित्य ठाकरे ने आगे कहा कि श्पिछले 10 सालों से एमएसआरडीसी का विभाग मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास है। समृद्धि हाईवे पर जगह-जगह गड्ढे हैं। हादसों की घटनाएं बढ़ती जा रही है। जब मुंबई में बांद्रा-वर्सोवा सी लिंक को नगर निगम ने अपने कब्जे में ले लिया, तो ऊपरी हिस्सा एमएसआरडीसी विभाग के पास चला गया। 2017 को कितने साल बीत गए। कितना खर्च हुआ और कितनी बार इसके लिए ठेका दिया गया। इसी तरह से 'प्रिय ठेकेदार योजना' पिछले दो वर्षों से महाराष्ट्र में चल रही है।

# कोर्ट ने दिया 5 अवैध बिल्डिंगों को गिराने का आदेश

## बिल्डर पर 8 करोड़ जुर्माना

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

मुंबई हाईकोर्ट ने भिवंडी के काल्हेर इलाके में सरकारी जमीन पर बनाई गईं 5 अवैध बिल्डिंगों को गिराने का निर्देश राज्य के मुख्य सचिव, एमएमआरडीए, ठाणे कलेक्टर और तहसीलदार को दिया है। हाईकोर्ट ने यह फैसला भिवंडी निवासी सुनील विश्वनाथ की याचिका पर सुनाया है। मिली जानकारी के अनुसार, हाईकोर्ट के आदेशानुसार आगामी 1 फरवरी 2025 तक इन बिल्डिंगों को ढहाने का काम पूरा करना होगा. फ्लैट धारकों को दूसरी जगह शिफ्ट होने के लिए पर्याप्त समय मिले, इसलिए कार्रवाई की यह समय सीमा तय की गई है। हाईकोर्ट ने कलेक्टर को फ्लैटधारकों को 1 माह के भीतर घर खाली करने का नोटिस जारी करने का निर्देश दिया ताकि फ्लैटधारकों को 6 महीने का समय मिल सके. कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि तय समय में घर नहीं खाली किए जाते हैं, तो कलेक्टर द्वारा पुलिस की मदद से बिल्डिगों को खाली कर गिराया जाए।



### '2 माह में दिया जाए मुआवजा'

हाईकोर्ट के जज एम.एस. सोनक और जस्टिस कमल की बेंच ने बिल्डर को 8 करोड़ रुपये अदालत में जमा करने का निर्देश दिया है. ठाणे कलेक्टर को सभी फ्लैट धारकों के बीच उचित अनुपात में 2 माह में मुआवजे के तौर पर यह रकम वितरित करनी होगी। बेंच ने साफ किया है कि रकम मिलने के बावजूद फ्लैट धारक बिल्डर के खिलाफ अलग से मुकदमा चलाने के लिए स्वतंत्र होंगे। सुनवाई के दौरान बेंच ने पाया कि तहसीलदार की ओर से 23 दिसंबर 2013 को अवैध निर्मित बिल्डिंगों को गिराने का आदेश जारी किए जाने के बावजूद अवैध बिल्डिंगों के खिलाफ कोई ऐक्शन नहीं लिया गया। कोर्ट ने मामले से जुड़े अधिकारियों की भूमिका की जांच करने के निर्देश कलेक्टर को दिए हैं। हाईकोर्ट के आदेश से अवैध बिल्डिंग निर्माण में लिप्त बिल्डरों में हड़कंप मच गया है।

# शिवसेना यूबीटी की तरफ से 'सदस्यता बनाओ अभियान' कार्यक्रम की शुरुआत



दोपहर संवाददाता | भिवंडी

पूर्व मुख्यमंत्री महाराष्ट्र प्रमुख शिव सेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे के जन्मदिन के अवसर पर अजय नगर शिव सेना जिला शहर शाखा में जिला प्रमुख मनोज गगे, जिला सचिव राजाभाऊ पुण्यार्थी की उपस्थिति में जिला संघटिका वैशालीताई मेस्त्री की तरफ से सदस्यता बनाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में अमित कांबले, नितेश दांडेकर सहित शिव सेना पदाधिकारी और महिला अघाड़ी की पदाधिकारी शिव सेना अधिकृत संगठन कार्यालय वाहक उपस्थित थे।

# महिला के घर से फिर बरामद हुआ 402 ग्राम और चरस

## 2 किलो चरस के साथ भी पकड़ी गई थी महिला

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी की शांतिनगर पुलिस ने एक महिला के स्कूली से 20 लाख रुपए का दो किलो चरस बरामद कर उसे गिरफ्तार किया था, जिससे पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान अब उसके घर से 402 ग्राम चरस और बरामद हुआ है। इसकी कुल कीमत 24.22 लाख बताई जा रही है। इधर पुलिस महिला के साथ इस व्यवसाय में लिप्त अन्य साथियों का पता लगाने में जुट गई।



### क्या है मामला ?

पुलिस के अनुसार भिवंडी की शांतिनगर पुलिस ने जाल बिछाकर 21 जुलाई को स्थानीय अशोक नगर पोस्ट ऑफिस के सामने से फरहान टाकीज के पीछे कसाई वाडा निवासी शबाना अनवर कुरैशी (39) के होंडा कंपनी की एव्हीएटर स्कूटी की डिक्की से तलाशी के दौरान 2 किलो 20 ग्राम चरस बरामद किया था।जिसकी कीमत 20 लाख 20 हजार रूपये थी। इसके साथ ही महिला के पास से 50 हजार रूपये कीमत की स्कूटी और 5000 हॉनर कंपनी का एंड्राइड फोन जप्त किया था।पुलिस ने गिरफ्तार महिला के खिलाफ पुलिस ने गुनाह रजिस्टर नंबर 1423/2024 में एनडीपीएस एक्ट 1985 की कलम 8 (क) 20 (ब) II (क) 22 के तहत मामला दर्ज कर उक्त महिला को भिवंडी न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायालय ने महिला को सात दिनों के लिए पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है। इस दरमियान जब पुलिस निरीक्षक सर्जेराव पाटील ने उपरोक्त अपराध के संबंध में उक्त महिला से गहन पूछताछ के बाद महिला के घर से 4 लाख 2000 रुपए कीमत का 402 ग्राम चरस बरामद हुआ।

# 'मेमाराने भिवंडी' पुस्तक का विमोचन समारोह संपन्न




दोपहर संवाददाता | भिवंडी

रविवार को मोमिन आबिद उस्मान गनी द्वारा संकलित तीसरी पुस्तक मेमाराने भिवंडी प्रथम का विमोचन समारोह अदबी कारवॉं और मोमिन वेलफेयर सोसायटी भिवंडी के तत्वावधान में कोकण मुस्लिम एजुकेशन सोसाइटी के जीएम मोमिन वीमेंस कॉलेज सभागार में संस्था के अध्यक्ष अलमाज फकीह की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ।मुख्य अतिथि के रूप में भिवंडी के सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ़ बाल्य मामा एवं भिवंडी पूर्व के विधायक रईस कासम शेख उपस्थित थे।उक्त पुस्तक भिवंडी शहर की दो मशहूर हस्तियों स्वर्गीय मुस्तफा फकीह और स्वर्गीय गुलाम मुहम्मद मोमिन साहब की शैक्षिक सामाजिक एवं राजनीतिक सेवाओं की स्वीकृति के रूप में संकलित की गयी है।पुस्तक का विमोचन एडवोकेट इरफ़ान अब्बास मोमिन एवं उपस्थित अतिथियों के हाथों संपन्न हुआ।

# मनपा स्कूलों के 100 छात्रों को दिए गए टैब

दोपहर संवाददाता | ठाणे



वर्तमान युग डिजिटल है और ठाणे महानगर पालिका स्कूल के छात्रों को डिजिटल के माध्यम से शैक्षिक गतिविधियों से अवगत कराने और इसे अपनी पढ़ाई के लिए उपयोग करने के लिए अक्षय पात्र फाउंडेशन की ओर से आज 9वीं और 10वीं कक्षा के 100 छात्रों को टैब कावितरण किया गया। . यह कार्यक्रम ठाणे नगर निगम के सहयोग से यह नरेंद्र बल्लाल हॉल में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में ठाणे नगर निगम के उपायुक्त (शिक्षा) सचिन पवार, प्राथमिक विभाग के समन्वयक प्रकाश बाविस्कर, अक्षय पात्र फाउंडेशन के राम कामत, महाराष्ट्र के मुख्य समन्वयक उपेंद्र प्रभु, वीर प्लास्टिक समूह के धीरज जी उपस्थित थे। ठाणे मनपा स्कूलों के शिक्षक और छात्र भी उपस्थित थे। इस मौके पर उपायुक्त सचिन पवार ने छात्रों से अपनी दैनिक शिक्षा को व्यापक बनाने के लिए इस ऐप का उपयोग करने की अपील की। छात्रों ने बताया कि वे टैब का उपयोग सिर्फ पढ़ाई के लिए ही करेंगे। उन्होंने आज की दुनिया में डिजिटल साक्षरता के महत्व पर भी प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और समाज के उत्थान के लिए ऐसी गतिविधियां जरूरी हैं।

# इकोफ्रेंडली गणेशमूर्ती के प्रदर्शनी मिला अच्छा प्रतिसाद

दोपहर संवाददाता | ठाणे



मनपा पर्यावरण संरक्षण को लेकर गणेशोत्सव पर्व मनाने के लिए शहर स्थित नौपाडा परिसर में विष्णु नगर के स्कूल क्रमांक 19 में इकोफ्रेंडली गणेश मूर्ति व सजावटी सामानों की प्रर्दशनी को नागरिकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। यह 4 अगस्त तक शुरू रहेगी। इस प्रर्दशनी का उद्घाटन सांसद नरेश म्हस्के के हाथों व विधायक संजय केलकर के उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त 1 संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे, उपआयुक्त अनघा कदम, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनिषा प्रधान,सहायक आयुक्त सोपान भाईक,ठाणे शहर भाजपा अध्यक्ष संजय बाघुले सहित पर्यावरण कार्यकर्ता व प्रदुषण नियंत्रण विभाग के कर्मचारी, पर्यावरणप्रेमी नागरिक उपस्थित थे। इस प्रदर्शनी में शाडू मिट्टी, लाल मिट्टी, कार्डबोर्ड, पेपर तैयार इकोफ्रेंडली गणेश मूर्ति व सजावटी सामान आकर्षण का केंद्र रहा। मखर,कपड़े का मंडप झालर, फायबर से तैयार चलचित्र का 25 स्टाल लगा हुआ है। इस प्रदर्शनी में नागरिक भाग लेकर सामानों की खरीदारी कर इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मनपा ने आवाहन किया है।साथ ही प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्ति का निषेध करे और जल प्रदूषण को रोकने के लिए मनपा का सहयोग करें।

# पेपर रोल से लदा ट्रक पलटा

## चालक-क्लीनर घायल

दोपहर संवाददाता | भिवंडी



भिवंडी तालुका के ओवली गांव में स्थित विठ्ठल-रुक्मिणी मंदिर के सामने पेपर रोल से भरा एक ट्रक रविवार की देर रात अचानक पलट गई। उक्त हादसे में कोई जनहानी नही हुई,लेकिन चालक-क्लीनर के घायल होने के साथ ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया।

### अंधेरा होने के कारण हुआ हादसा, बड़ी दुर्घटना टली

पुलिस के अनुसार, पेपर रोल से लदा ट्रक ठाणे की ओर रविवार की रात 2 बजे जा रहा था।रास्ते पर अंधेरा होने के कारण उक्त ट्रक चालक रास्ता भटक गया और ट्रक ओवली गांव में प्रवेश कर गया। जब उसे एहसास हुआ कि वह रास्ता भटक गया है तब उसने ट्रक को रिवर्स करने लगा। परंतु उक्त गांव की सड़क पतली होने के कारण ट्रक अचानक ट्रक पलटी हो गया। घटना को देख गांव के स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक व क्लीनर को ट्रक से बाहर निकाला और पास के मंदिर में आश्रय दिया। जो मामूली रूप से जख्मी हुए है।सौभाग्य से रात के समय वहां पर यात्रियों की आवाजाही नहीं थी जिस के कारण बड़ी घटना टल गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि अभी तक ट्रक दुर्घटना स्थल पर पड़ा है और उसे सड़क से हटाने के लिए कम से कम 2 क्रेन की आवश्यकता होगी।

# मोबाइल यूनिट करेगी ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा

## ठाणे जिले में दूरदराज इलाकों में मोबाइल मेडिकल यूनिट हेतु 38 कर्मचारी

दोपहर संवाददाता | ठाणे

ठाणे जिले में दूरस्थ या दूरदराज इलाकों में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत स्वास्थ्य और पोषण जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने हेतू मोबाइल मेडिकल यूनिट में विशेष कर्मचारियों की नियुक्ति की जा रही है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे और जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे ने मोबाइल यूनिट के लिए 38 कर्मचारियों को नियुक्त करने का आदेश दिया है।

### मुरबाड और शहापुर तहसील में चल रही है 1 मोबाइल मेडिकल यूनिट



ठाणे जिला परिषद द्वारा बताया गया है कि मुरबाड और शहापुर तहसील में 1 मोबाइल मेडिकल यूनिट चल रही है और 1 अगस्त से जिले में 09 मोबाइल मेडिकल यूनिट शुरू की जा रही हैं. यह ग्रामीण मरीजों के लिए काम करने का एक शानदार अवसर है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए लगन और ईमानदारी से काम करने के निर्देश दिए.

### ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 10 मोबाइल मेडिकल इकाइयां स्थापित

'मोबाइल मेडिकल यूनिट' पहल के तहत, ठाणे जिले के 81 दूरस्थ और अत्यंत दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 10 मोबाइल मेडिकल इकाइयां स्थापित की गई हैं। इसके लिए मेडिकल ऑफिसर 10, जीएनएम 8, लैब टेक्नीशियन 10 और फार्मासिस्ट 10 जैसे कुल 38 कर्मचारियों को आज नियुक्ति आदेश जारी किया गया। ठाणे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 10 मोबाइल चिकित्सा इकाइयाँ शुरू की जाएंगी, जिनमें मूरबाड़ में 3, शाहपुर तहसील में 3, भिवंडी तहसील में 2, अंबरनाथ तहसील में 1 और कल्याण तहसील में 1 है। प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट के लिए मेडिकल ऑफिसर, जीएनएम, लैब तकनीशियन और फार्मासिस्ट जैसे कुल 4 अधिकारी और कर्मचारी काम करेंगे।

# विरार के रिसॉर्ट में मारपीट

## शिवसेना यूबीटी नेता के बेटे की मौत

दोपहर संवाददाता | विरार



विरार के एक रिसोर्ट में बीती रात हुई मारपीट के दौरान शिवसेना यूबीटी के नेता रघुनाथ मोरे के बेटे मिलिंद मोरे (47) की मौत हो गई है। अर्नाला पुलिस स्टेशन की टीम ने सोमवार को सुबह 20 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। इस जांच में पुलिस सीसीटीवी की भी मदद ले रही है। विरार के पुलिस उपायुक्त जयंत बजबले ने पत्रकारों को बताया कि रिसोर्ट में मारपीट की घटना की रिपोर्ट अर्नाला पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। इस घटना में मिलिंद मोरे की मौत हो गई और उनका पोस्ट मार्टम करवाया गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। हालांकि पुलिस सीसीटीवी के सहयोग से छानबीन कर रही है । बताया गया है कि रविवार को मिलिंद मोरे अपने परिवार सहित विरार के एक रिसोर्ट में गए थे। देर रात पार्किंग को लेकर मोरे का एक ऑटोरिक्शा वाले के साथ विवाद हो गया था। इसके बाद मोरे के समर्थकों और ऑटोरिक्शा चालक के समर्थकों के बीच जोरदार मारपीट हुई थी। इसी दरम्यान मिलिंद मोरे गिर गए थे। इसके बाद मोरे को तत्काल नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया लेकिन सोमवार तड़के मोरे की इलाज के दौरान मौत हो गई।

# हत्या का मामला सुलझाने के लिए पुलिस ने गठित की टीमें

दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई




नवी मुंबई में बीते सप्ताह एक रेलवे स्टेशन के पास झाड़ियों से महिला का शव मिलने के बाद पुलिस ने इस मामले को सुलझाने के लिए कुछ टीमें गठित की हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। बीस वर्षीय महिला का शव पिछले सप्ताह शनिवार को सुबह उरण रेवले स्टेशन के पास झाड़ियों से बरामद हुआ था। पुलिस का मानना है कि उसकी हत्या शुक्रवार को नवी मुंबई स्थित उसके कार्यालय से आधे दिन की छुट्टी पर जाने के बाद अपराह्न साढ़े तीन से साढ़े चार बजे के बीच की गई। पुलिस उपायुक्त विवेक पानसरे ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए टीमें भेज दी गई हैं। हम सभी पहलुओं से हत्याकांड की जांच कर रहे हैं। मृतक के पिता ने हत्या के लिए दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि पुलिस को उसे तुरंत गिरफ्तार करना चाहिए। आक्रोशित परिजनों ने कहा कि पीड़िता के पिता ने 2019 में उस व्यक्ति के खिलाफ अपनी बेटी को परेशान करने के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी जिसका बदला लेने के लिए उसने उनकी बेटी की हत्या कर दी।

# लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोप में तीन लोगों पर मामला दर्ज

दोपहर संवाददाता | कल्याण

ठाणे जिले के कल्याण में 18 वर्षीय लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। एमएफसी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी महबूब शेख, गगन कुंडू और सोनी कुंडू ने इस साल फरवरी में लड़की के साथ छेड़छाड़ की थी। उन्होंने कहा कि शेख ने कार्यस्थल पर पीड़ित को अनुचित तरीके से छुआ, जबकि गगन और सोनी ने नकली शादी रचाकर उसे परेशान किया, जिसके बारे में उनका दावा है कि यह मजाक था। अधिकारी ने बताया कि तीनों ने इस दिखावटी शादी की तस्वीरें भी प्रसारित कीं, जिससे वह शर्मिंदा हो गई। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों पर यौन उत्पीड़न, आपराधिक धमकी और अन्य अपराधों के लिए भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

यशश्री शिंदे हत्याकांड

# सोमैया ने सरकार से लव जिहाद के खिलाफ कानून की मांग की

## बीजेपी नेता किरीट सोमैया यशश्री के माता-पिता से मिलने पहुंचे

दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई

महाराष्ट्र के नवी मुंबई में 20 साल की यशश्री शिंदे के हत्यारे को पकड़ने के लिए पुलिस ने कर्नाटक तक मशक्कत कर रही है। यशश्री की उसके कथित प्रेमी दाऊद शेख ने बेरहमी से हत्या की थी। पुलिस की जांच में सामने आया है कि 2019 में भी यशश्री के साथ गलत हरकत करने के चलते उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। तब जेल से छूटने के बाद वह कर्नाटक चला गया था। नवी मुंबई में यशश्री शिंदे की हत्या के बाद जहां लोगों में आक्रोश है तो वहीं दूसरी तरफ महाराष्ट्र बीजेपी के नेता किरीट सोमैया ने राज्य में लव जिहाद के खिलाफ कानून लाने की मांग उठाई है।



### पीड़ित परिवार से की मुलाकात

नवी मुंबई उरण में पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे किरीट सोमैया ने यशश्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सोमैया ने कहा कि राज्य में लगातार इस तरह की घटनाए सामने आ रही है। ऐसे में वह राज्य के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मांग करते हैं कि राज्य में लव जिहाद की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया जाए। सोमैया ने कहा कि परिवार को उन्होंने बीजेपी की तरफ से आश्वस्त किया है कि हत्यारों को जल्द अरेस्ट किया जाएगा। सोमैया के साथ इस मौके पर स्थानीय विधायक महेश बाल्दी भी मौजूद रहे। सोमैया ने कहा कि यशश्री की हत्या राज्य में लव जिहाद का पहला मामला नहीं है। इससे पहले 24 अप्रैल 2024 पूनम क्षीरसागर को निजामुद्दीन अली ने उरण नवी मुंबई में मार डाला था। ऐसे में राज्य में अब लव जिहाद का कानून बनना चाहिए।

# राज्यपाल नहीं बनाने से एकनाथ शिंदे गुट में रोष, अडसूल पिता-पुत्र नाराज

दोपहर संवाददाता | पालघर

लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में बीजेपी के निराशाजनक प्रदर्शन की वजह से महायुति में शिवसेना (शिंदे गुट) का भाव बढ़ गया है। बीजेपी पर दबाव बनाने या विरोध दर्ज कराने का अवसर शिंदे गुट छोड़ता नहीं है। ऐसा ही राज्य पाल की नियुक्तियों के मामले में देखने को मिल रहा है। इस मामले में शिवसेना (शिंदे गुट) के युवा नेता अभिजीत ने सीधे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर वादा खिलाफी का आरोप लगा दिया है। अभिजीत का कहना है कि बीजेपी ने पांच बार अमरावती के सांसद रह चुके उनके पिता आनंदराव अडसूल के साथ अन्याय किया है। इसलिए






वे पिता पुत्र नाराज हैं। आनंदराव अमरावती लोकसभा सीट से महायुति (शिंदे गुट) या बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ने के इच्छुक थे। लेकिन बीजेपी ने तत्कालीन निर्दलीय सांसद नवनीत राणा को बीजेपी का टिकट दे दिया। हालांकि आनंदराव अडसुल ने इस निर्णय का विरोध किया था। अभिजीत का दावा है कि तब अमरावती से चुनाव नहीं लड़ने के बदले में बीजेपी ने आनंदराव को राज्यपाल बनाने का वादा किया था। इसके बाद वह चुनाव से हट गए। लेकिन अब बीजेपी ने आनंदराव को राज्यपाल पद के लिए नामित नहीं किया। अभिजीत अडसूल ने इसे महायुति के लिए खतरे की घंटी बताते हुए चेतावनी दी है कि हम कब तक गठबंधन में अन्याय बर्दाश्त कर सकते हैं? अभिजीत का कहना है कि इससे पहले बीजेपी नेताओं के आग्रह के कारण मैं मुंबई बैंक के चुनाव से पीछे हट गया था। तब आश्वासन दिए जाने के बावजूद उन्हें एक साधारण निदेशक तक नहीं बनाया गया। जबकि लेबर कमीशन ने दरेकर का पद रद्द कर दिया था, ढाई साल बाद भी प्रवीण दरेकर उनकी बात नहीं सुन रहे हैं। एक जगह अन्याय हो रहा था, इसलिए हम यहां आए। लेकिन यहां भी युति में उसी तरह से अन्याय होता रहा तो भविष्य में काम करना है या नहीं, हमें यह सोचना होगा। बार-बार नजरअंदाज किए जाने पर अफसोस जताते हुए अभिजीत ने कहा कि यदि इसी तरह अन्याय होता रहा तो राजनीति में वचन का कोई महत्व ही नहीं रह जाएगा।

दो बजे दोपहर
मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** आपका संघर्ष आपकी ताकत का विकास करता है : अर्नोल्ड श्वार्जनेगर

- अजित पवार के विधायक ने एमवीए नेताओं के साथ साझा किया मंच
- चेतन तुपे के एनसीपी छोड़ने की चर्चाओं से गरमाई राजनीति



# कम होता दादा का पावर

2024 लोकसभा चुनावों के बाद शरद पवार के खेमे में आ चुके हैं कई नेता | दो दिन पहले MLC बाबाजानी दुर्रानी शरद पवार के खेमे में हुए थे शामिल

नितिन तोरस्कर | मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के बाबाजानी दुर्रानी अजित पवार समूह को छोड़कर शरद पवार गुट में शामिल हो गए हैं। दुर्रानी के बाद अब पुणे हडपसर से विधायक चेतन तुपे को लेकर चर्चा है कि वह भी शरद पवार के पास लौट सकते हैं। पुणे पवार फैमिली के लिए काफी अहमियत रखता है। अजित पवार राज्य के उप मुख्यमंत्री होने के साथ पुणे के संरक्षक यानी प्रभारी मंत्री भी हैं। चेतन तुप के महाविकास आघाडी में लौटाने की संभावनाओं ने राज्य की राजनीति को गरमा दिया है। उनके शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी में शामिल होने की अटकलें इसलिए लग रही है क्योंकि उन्होंने रविवार को पुणे में एक ऐसे कार्यक्रम में शिरकत की थी। जिसमें एमवीए नेता भी मौजूद थे।

## एक के बाद एक बगावती सुर

लोकसभा चुनावों के बाद रोहित पवार ने दावा किया था कि कम से कम 19 विधायक लौटना चाहते हैं। अगर चेतन तुपे शरद पवार की पार्टी के वापसी करते हैं तो यह अजित पवार के लिए बड़ा झटका होगा, क्योंकि राज्य में डिप्टी स्पीकर नरहरि जिरवाल के बेटे पहले से बगावती तेवर दिखा चुके हैं। नरहरि जिरवाल के बेटे से यहां तक कह दिया था कि सीना चीरोगे तो पवार मिलेंगे। गोकुल जिरवाल ने ऐलान किया है अगर शरद पवार कहेंगे तो पिता के खिलाफ चुनाव भी लड़ूंगा। नरहरि जिरवाल डिंडोरी से विधायक हैं। इस घटनाक्रम के बाद रविवार को जिरवाल ने एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे द्वारा बुलाई गई पार्टी की बैठक में भाग नहीं लिया। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि विधान परिषद चुनावों में भले ही अजित पवार पार्टी के विधायकों को एकजुट रखने में सफल रहे थे, लेकिन आने वाले दिनों कुछ विधायक छिटक सकते हैं। दुर्रानी के पार्टी छोड़ने और नरहरि के बेटे के बगावती तेवरों के बाद चेतन तुपे का नाम चर्चा में है।



## क्या बोले चेतन तुपे?

पुणे के हडपसर से विधायक चेतन तुपे पुणे में एक कार्यक्रम में पवार और महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) के कई अन्य नेताओं के साथ मंच साझा किया था। जब मीडिया ने उनसे शरद पवार के पास लौटने के बारे सवाल पूछा तो उन्होंन कहा कि यह एक गैर-राजनीतिक कार्यक्रम था। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन सतारा जिला मित्र मंडल ने किया था। उन्होंने मुझे कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। कार्यक्रम में मौजूद एमवीए नेताओं में पूर्व एनसीपी (एसपी) सांसद श्रीनिवास पाटिल, पूर्व शिवसेना (यूबीटी) विधायक महादेव बाबर, पूर्व कांग्रेस विधायक बालासाहेब शिवरकर और एनसीपी (एसपी) शहर अध्यक्ष प्रशांत जगताप शामिल थे। चेतन तुपे भले ही अजित पवार के साथ हैं लेकिन उन्होंने अभी तक अपनी आधिकारिक आकउंट से शरद पवार की फोटो नहीं हटाई है। ऐसे में चर्चा है कि हडपसर से 2019 में पहली बार विधायक बने चेतन तुपे पाला बदलें तो इसमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए।



# टेलीकॉम कंपनियां कर रही 600 करोड़ जीबी डेटा की धोखाधड़ी

राजू शेट्टी का सनसनीखेज आरोप

**मुंबई/कोल्हापुर।** स्वाभिमानी किसान संगठन के नेता और पूर्व सांसद राजू शेट्टी ने आरोप लगाया है कि टेलीकॉम कंपनियों द्वारा 600 से 700 करोड़ जीबी डेटा का घोटाला किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य शिंदे को पत्र लिखकर इस संबंध में जानकारी दी है। स्वाभिमानी किसाना संगठन के नेता राजू शेट्टी ने लिखे पत्र में कहा गया कि रिलायंस जियो, वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल ने देशभर के 106 करोड़ से अधिक मोबाइल फोन धारकों के लिए 1 जुलाई से मोबाइल सेवा (रिचार्ज) दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। दरअसल इन कंपनियों द्वारा ग्राहकों को इंटरनेट इस्तेमाल के लिए दिए जाने वाले डेटा में हर दिन हेरफेर किया जा रहा है और इन कंपनियों द्वारा ग्राहकों को दैनिक उपयोग का कोई डेटा नहीं दिया जाता है। इसमें से 300 से 350 करोड़ जीबी डेटा का चूना रिलायंस जियो कंपनी लगा रही है। यह मानते हुए कि देश में 106 करोड़ मोबाइल फोन मालिक प्रति माह औसतन 22 जीबी इंटरनेट डेटा प्रतिदिन उपयोग करते हैं, उपरोक्त सभी कंपनियां कुल मिलाकर लगभग 2,600 करोड़ जीबी डेटा प्रति माह ग्राहकों को प्रदान करती हैं।

**न्यूज़ ब्रीफ**

## मुंबई में भुखमरी से 26 आवारा कुत्तों की मौत



**मुंबई।** मुंबई के गोरेगांव में नेस्को एग्जिबिशन सेंटर में 26 आवारा कुत्तों की मौत हो गई। आरोप है कि इन सभी कुत्तों की मौत भूख के कारण हो गई है। यहां मौजूद सभी कुत्तों को जब खाने को कुछ भी नहीं मिला तो भूख के कारण तड़प- तड़प कर उनकी जान चली गई। इतनी ज्यादा संख्या में कुत्तों के मर जाने के कारण एग्जिबिशन सेंटर में हड़कंप मच गया। 26 कुत्तों के मौत की खबर जब पशु प्रेमियों को मिली तो उन्होंने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की। इस मामले में लापरवाही करने के लिए पुलिस ने नेस्को एग्जिबिशन सेंटर की एक महिला अधिकारी और सुरक्षा गार्ड के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। 26 कुत्तों के मौत की सूचना मिलने पर जब पशु प्रेमियों ने एग्जिबिशन सेंटर में प्रवेश लेना चाहा तो उन्हें अंदर घुसने नहीं दिया गया और उन्हें धमकी देकर बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। पिछले 3 से 4 महीनों में 20 कुत्तों की मौत हो गई है क्योंकि इन दोनों आरोपियों ने शर्मा को कुत्तों को खाना खिलाने से रोक दिया था।

### पशु प्रेमियों को नहीं खिलाने दिया खाना

महक शर्मा और उनके पति एक साल से गोरेगांव इलाके में मौजूद 40 कुत्तों को हर दिन खाना खिलाया करते हैं. जिन 26 कुत्तों की मौत हुई है वह उन्हें भी खाना खिलाने के लिए अंदर जाने की कोशिश कर रहे थे लेकिन एग्जिबिशन सेंटर में उन्हें अंदर नहीं घुसने दिया गया. उन्हें पता था कि एग्जिबिशन सेंटर में मौजूद कुत्तों की तबीयत भी बहुत खराब है ऐसे में पशु प्रेमियों ने सभी बीमार कुत्तों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाना चाहा लेकिन उन्हें अनुमति नहीं दी गई. महक और उनके पति ने आरोप लगाया है की एग्जिबिशन सेंटर में मौजूद कुत्तों के साथ क्रूरता बढ़ती गई, जिसके कारण नेस्को क्षेत्र में 26 कुत्तों की मौत भूख के कारण हो गई।

# हरिभाऊ बागड़े ने विधायक पद से दिया इस्तीफा

- राजस्थान के राज्यपाल पद पर किए गए हैं नियुक्त

दोपहर संवाददाता | मुंबई

राजस्थान के राज्यपाल पद पर नियुक्त होने के बाद सोमवार को हरिभाऊ बागड़े ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को अपने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। हरिभाऊ बागड़े छत्रपति संभाजीनगर जिले के फुलंबरी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर 2019 में विधायक चुने गए थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 27 जुलाई को हरिभाऊ बागड़े को राजस्थान के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया और बहुत जल्द वह राजस्थान के राज्यपाल पद का पदभार ग्रहण करने वाले हैं।

## 2014 से 2019 तक विधानसभा के अध्यक्ष रहे बागड़े



हरिभाऊ बागड़े 2014 से 2019 तक विधानसभा के अध्यक्ष रहे थे। इसलिए आज विधानमंडल सचिवालय ने हरिभाऊ बागड़े को सम्मानित किया । इसके साथ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी राजस्थान का राज्यपाल बनने पर हरिभाऊ बागड़े को सम्मानित किया। इसके बाद हरिभाऊ बागड़े विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से मिले और उन्हें अपने विधायक पद का इस्तीफा सौंपा, जिसे अध्यक्ष ने तत्काल मंजूर कर लिया।

### बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में किया काम

उल्लेखनीय है कि हरिभाऊ बागड़े ने बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में काम किया है। 1985 में वह पहली बार औरंगाबाद पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुने गए। तब से वह फुलंबरी विधानसभा क्षेत्र से 5 बार विधायक रहे हैं। वह निर्वाचन क्षेत्र में हरिभाऊ नाना के नाम से लोकप्रिय हैं। हरिभाऊ किसनराव बागड़े महाराष्ट्र सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं। 2014 में, जब भाजपा ने पहली बार महाराष्ट्र में सरकार बनाई तो उन्हें महाराष्ट्र विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वह विधानसभा अध्यक्ष का पद भी संभाल चुके हैं। इसीलिए भाजपा ने उन्हें राज्यपाल के रूप में मौका देकर उनकी वरिष्ठता का सम्मान किया है और हरिभाऊ बागड़े राजस्थान के 45वें राज्यपाल बन गये हैं।

# वर्ली हिट एंड रन केस में घायल की अस्पताल में मौत

## 20 जुलाई को हुआ था हादसा

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई के वर्ली इलाके में 20 जुलाई को तेज गति से जा रही बीएमडब्ल्यू कार की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए 28 वर्षीय व्यक्ति की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हादसा खान अब्दुल गफ्फार खान रोड पर वर्ली सीफेस में हुआ था। तब विनोद लाड ठाणे स्थित ट्रांसपोर्ट कंपनी से अपने घर लौट रहे थे। इस कंपनी में वह सुपरवाइजर थे। विनोद यहां अपने चचेरे भाई के साथ रहते थे। अधिकारी ने बताया कि हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने लाड को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को भी सूचना दी।

## अस्पताल में इलाज के दौरान मौत



अधिकारी ने बताया कि शनिवार को मुंबई सेंट्रल के नायर अस्पताल में उनकी मौत हो गई। हमने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जो दुर्घटना के समय अपने नियोक्ता को वर्ली स्थित एक पांच सितारा होटल ले जा रहा था। पहले उस पर लापरवाही से गाड़ी चलाकर गंभीर चोट पहुंचाने का आरोप लगाया गया था, लेकिन अब हमने लापरवाही से गाड़ी चलाकर मौत का कारण बनने से संबंधित धारा जोड़ दी है। नौ जुलाई को वर्ली में एनी बेसेंट रोड पर तेज गति से जा रही एक बीएमडब्ल्यू ने एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी थी, जिसमें कावेरी नखवा की मौत हो गई थी और उसका पति प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया था। आरोपी मिहिर शाह, उसके पिता और उसके पारिवारिक वाहन चालक को साक्ष्य नष्ट करने और जांचकर्ताओं को धोखा देने के कथित प्रयास तथा अन्य अपराधों के लिए गिरफ्तार किया गया।

## मुलुंड में हुआ था हिट एंड रन

22 जुलाई को शहर के उत्तर पूर्वी छोर मुलुंड में तेज गति से आ रही ऑडी कार ने दो ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी थी, जिसमें तीन लोग घायल हो गए थे। 19 मई को पुणे के कल्याणी नगर क्षेत्र में नशे की हालत में एक नाबालिग द्वारा चलाई जा रही पोर्श कार ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी, जिसमें मध्य प्रदेश के दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड द्वारा नरम शर्तों पर जमानत देने और पुलिस जांच में शराब परीक्षण के लिए रक्त के नमूनों की अदला-बदली सहित साक्ष्यों को नष्ट करने के कई प्रयास किए जाने के बाद मामला राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आ गया।



# गुड न्यूज: पश्चिम रेलवे ने छह जोड़ी ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का किया ऐलान

मुंबई। पश्चिम रेलवे ने छह जोड़ी सुपरफास्ट ट्रेनों के फेरों को बढ़ाने का फैसला किया है। रेलवे के अनुसार मुंबई रूट पर यात्रियों की जरूरत को देखते हुए इन छह जोड़ी सुपरफास्ट ट्रेनों के फेरों में विस्तार किया गया है। इससे यात्रियों की सुविधा होगी। वह आसानी से अपने गंतव्यों तक पहुंच सकेंगे। रेलवे ने जिन ट्रेनों का संचालन बढ़ाया है। उनमें कई ट्रेनें अहम ट्रेनें शामिल हैं। इसके अलावा रेलवे ने वडोदरा मंडल से चलने वाली वडोदर- सियालदह सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन के भी फेरे बढ़ा दिए है। यह ट्रेन अब आगे तक संचालन में रहेगी।पश्चिम रेलवे के चीफ पीआरओ विनीत अभिषेक ने कहा कि ट्रेन संख्या 02200, 04126, 01920, 01906, 04166 और 04168 के विस्तारित फेरो की बुकिंग 31 जुलाई, 2024 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। यात्री अपनी जरूरत के हिसाब से बुकिंग करा सकते हैं।

## कौन-कौन सी ट्रेनें?

पश्चिम रेलवे ने ट्रेन नंबर 02200 बांद्रा टर्मिनस- वीरांगना लक्ष्मीबाई साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल को 31 अगस्त, 2024 तक बढ़ा दिया गया है।इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 02199 वीरांगना लक्ष्मीबाई साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल को 29 अगस्त, 2024 तक बढ़ा दिया गया है। इसी प्रकार से ट्रेन संख्या 04126 बांद्रा टर्मिनस- सूबेदारगंज साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल को 27 अगस्त, 2024 तक बढ़ा दिया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04125 सूबेदारगंज - बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल को 26 अगस्त, 2024 तक बढ़ा दिया गया है। रेलवे ट्रेन संख्या 01920 अहमदाबाद-आगरा कैंट त्रि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल को 01 सितंबर, 2024 तक बढ़ा दिया गया है।इसी तरह, ट्रेन संख्या 01919 आगरा कैंट -अहमदाबाद त्रि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल को 31 अगस्त, 2024 तक बढ़ा दिया गया है ।

# गैर-किराया राजस्व में मध्य रेल मुंबई मंडल का प्रभावशाली प्रदर्शन

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल के मुंबई मंडल ने जून 2024 के दौरान ई-नीलामी की एक श्रृंखला सफलतापूर्वक आयोजित की है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में इसके गैर-किराया राजस्व स्रोतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ये पहल यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने और रेलवे परिसंपत्तियों का कुशलतापूर्वक उपयोग करने के लिए निर्धारित हैं, जिससे मंडल के लिए पर्याप्त आय उत्पन्न होगी।

## ईएमयू रेक पर बाहरी मीडिया के माध्यम से विज्ञापन

17 ईएमयू (इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) रेक पर बाहरी मीडिया के माध्यम से विज्ञापन अधिकारों के लिए ई-नीलामी सफलतापूर्वक आयोजित की गई है। इस पहल से तीन वर्षों की अवधि में प्रति वर्ष 56.57 लाख का राजस्व उत्पन्न होने की उम्मीद है।

## चुनिंदा ट्रेनों में फूड ट्रे बैक पर विज्ञापन

19 जून, 2024 को डेक्कन क्वीन, डेक्कन एक्सप्रेस, जनशताब्दी एक्सप्रेस और इंद्रायणी एक्सप्रेस ट्रेनों में फूड ट्रे के पीछे विज्ञापन के लिए ई-नीलामी आयोजित की गई थी। इस पहल से तीन वर्षों तक प्रति वर्ष 2.50 लाख का राजस्व प्राप्त होगा।

## रेल डिस्प्ले नेटवर्क परिसंपत्तियाँ

इस महीने के दौरान 40 गैर-डिजिटल रेल डिस्प्ले नेटवर्क परिसंपत्तियों की ई-नीलामी सफलतापूर्वक पूरी हुई। इससे तीन वर्षों तक प्रति वर्ष 1.24 करोड़ का संयुक्त राजस्व उत्पन्न होने का अनुमान है।

## प्रमुख स्टेशनों पर बैटरी से चलने वाली गाड़ियाँ

बैटरी से चलने वाली गाड़ियों की आपूर्ति, संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी आयोजित की गई, जिसमें वाहनों के बॉडी पर विज्ञापन अधिकार शामिल हैं, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT), लोकमान्य तिलक टर्मिनस (LTT), दादर और पनवेल स्टेशनों के लिए। इस पहल से पांच वर्षों में प्रति वर्ष 52.99 लाख का राजस्व उत्पन्न होने का अनुमान है।

## आउट ऑफ होम विज्ञापन साइटें

कुल 21 आउट ऑफ होम विज्ञापन साइटों की सफलतापूर्वक ई-नीलामी की गई, जिससे प्रति वर्ष 65.24 लाख प्राप्त होने की उम्मीद है।

## प्रमुख स्टेशनों पर पार्सल पैकिंग सेवाएँ

पांच स्टेशनों- सीएसएमटी, दादर, एलटीटी, कल्याण और पनवेल- पर दोपहिया वाहनों और अन्य पार्सल की पैकिंग के लिए ई-नीलामी पूरी हो गई है। इससे तीन वर्षों की अवधि के लिए प्रति वर्ष 50.99 लाख का राजस्व प्राप्त होगा।

शीना बोरा हत्याकांड

# इंद्राणी मुखर्जी को नहीं मिली राहत

हाई कोर्ट ने विदेश जाने पर लगाई रोक

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को विशेष अदालत के उस आदेश पर अंतरिम रोक दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। जिसमें शीना बोरा हत्याकांड की मुख्य आरोपी पूर्व मीडिया कार्यकारी इंद्राणी मुखर्जी को विदेश यात्रा की अनुमति दी गई थी। पिछले सप्ताह हाई कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक लगाई थी, जिसे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति एस सी चांडक की एकल पीठ ने सोमवार को याचिका को दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया और तब तक के लिए अंतरिम रोक बढ़ा दी है। विशेष सीबीआई अदालत ने 19 जुलाई को जमानत पर रिहा मुखर्जी को अगले तीन महीनों के दौरान बीच-बीच में दस दिनों के लिए यूरोप (स्पेन और यूनाइटेड किंगडम) की यात्रा करने की अनुमति दी थी। सीबीआई के अधिवक्ता श्रीराम शिरसाट ने तर्क दिया था कि मुखर्जी को देश से बाहर जाने की अनुमति देना उचित नहीं होगा, क्योंकि वह विचाराधीन मुख्य आरोपी है। मुखर्जी ने पिछले महीने एक आवेदन दायर कर विशेष अदालत की अनुमति मांगी थी जिसमें दावा किया गया था कि उन्हें काम के लिए अक्सर यूरोप की यात्रा करने की आवश्यकता होती है।

## क्या है मामला ?



बता दें कि इंद्राणी मुखर्जी सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद मई 2022 में जेल से रिहा हुई थी। उन पर 2012 में बेटी शीना बोरा (24) की कथित हत्या का मुकदमा चल रहा है, इस मामल में इंद्राणी को अगस्त 2015 में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद उन्हें मई 2022 में जेल से रिहा किया गया। शीना बोरा इंद्राणी मुखर्जी और उनके पूर्व पति की बेटी थी। इंद्राणी मुखर्जी पर आरोप है कि उन्होंने कथित तौर पर उसके ड्राइवर श्यामवर राय और उसके पूर्व पति संजीव खन्ना ने मुंबई में चलती कार में गला घोंटकर हत्या कर दी थी।

**CHANGE OF NAME**

I,No 15710272M Nk SALUNKHE MAHENDRA LAXMAN resident of 4 CSR, C/o 99 APO have changed my Son name from JAY to JAY MAHENDRA SALUNKHE and same change in my service document vide Affidavit/ Self declaration dated 26th July 2024.

**PUBLIC NOTICE**

**Notice no. : 42/2024**

Mr. Bilal Khan ...Applicant

**V/S**

The Ward Officer Bhandup Ward (BMC) **.........Respondent**

The general public at large is hereby informed that the Daughter of applicant namely **Khan Alkama Bilal,** Birth at the residence address : Iqbal Manzil, Rajiv Gandhi Nagar, Dargah Road, Sonapur, Bhandup (West), Mumbai. Pin:400078 on 22/01/2000 And the Birth was not recorded with the concerned "BMC" Bhandup Ward and to get it recorded as per legal order the application has been filed with the Kurla Court.

If anybody has any objection relating to registration of Birth as per legal proceeding is hereby informed to be present on 25/06/2024 before Sub Divisional Magistrate Kurla (mulund) with written objection to same failing which and as per the legal proceeding appropriate order will be passed.

**Place :** Mumbai
**Date :** 25/06/2024
Sub Divisional Magistrate Kurla (Mulund)
**Bilal Khan**
**For The Applicant**








नीलम रामअवध

**इ**स लेख में हम उन महिलाओं के बारे में बताएंगे, जिन्होंने कई उपलब्धियां हासिल कर समाज के लिए अपना अहम योगदान दिया है। ये उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं जो अकेले अपने दम पर अपने सपने को पूरा करना चाहती हैं।

## मुथुलक्ष्मी रेड्डी

समाजसेवी, पहली महिला डॉक्टर और पहली महिला विधायक



जन्म- 30 जुलाई 1886, थिरुकोकर्णम, पुदुक्कोट्टई राज्य, तमिलनाडु
निधन- 22 जुलाई 1968

मुथुलक्ष्मी रेड्डी एक प्रसिद्ध भारतीय समाजसेवी और पहली महिला डॉक्टर थीं, जिनका जन्म 30 जुलाई 1886 को हुआ था। वह भारत की पहली महिला विधायक भी बनीं। मुथुलक्ष्मी ने महिलाओं और बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने अवैध प्रथाओं के खिलाफ आवाज उठाई और महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। मुथुलक्ष्मी ने कैंसर अस्पताल स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें उनके सामाजिक कार्यों के लिए कई सम्मान मिले। उनका योगदान आज भी लोगों के लिए प्रेरणा है।

## मेधा योध

शास्त्रीय नृत्यांगना और नृत्य शिक्षिका



जन्म- 31 जुलाई 1927, अहमदाबाद
निधन- 11 जुलाई 2007, सैन डिएगो

मेधा योध एक भारतीय और भारतीय अमेरिकी भरतनाट्यम नर्तकी और यूसीएलए में शास्त्रीय भारतीय नृत्य की शिक्षिका थीं। वह तंजौर बालासरस्वती की शिष्या थीं और उन्होंने गरबा पर एक वृत्तचित्र बनाया था। 1976 में योध यूसीएलए में एक संकाय सदस्य बन गईं और बालासरस्वती के मूल्यों और नृत्य शैलियों को पढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। वह 1994 में स्कूल से सेवानिवृत्त होने तक यूसीएलए में रहीं। उन्होंने अपनी सेवानिवृत्ति के बाद कई यूसीएलए संगठनों के लिए सलाहकार के रूप में काम करना जारी रखा, जिसमें डांस कैलिडोस्कोप श्रृंखला भी शामिल है। उनकी शिक्षा और योगदान से कई विद्यार्थियों को प्रेरणा मिली और भारतीय नृत्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

## सुलोचना लाटकर

प्रसिद्ध अभिनेत्री



जन्म- 30 जुलाई 1928, खडकलता, कर्नाटक
निधन- 4 जून 2023

सुलोचना लाटकर एक प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री थीं उन्होंने 1940 के दशक से लेकर 1990 के दशक तक मराठी और हिंदी फिल्मों में अभिनय किया। अपने मातृत्वपूर्ण किरदारों के लिए जानी जाने वाली सुलोचना ने ₹दिल देके देखो₹ और ₹सजाता₹ जैसी 250 से अधिक फिल्मों में काम किया। उन्हें उनके उत्कृष्ट अभिनय के लिए कई पुरस्कार मिले, जिनमें 1999 में पद्म श्री शामिल है। सुलोचना को उनके गर्मजोशी भरे ऑन-स्क्रीन व्यक्तित्व और दर्शकों से जुड़ने की क्षमता के लिए प्यार किया जाता था। भारतीय सिनेमा में उनके यादगार प्रदर्शन की विरासत आज भी जीवित है।

## मीनाक्षी मुखर्जी

साहित्यकार



जन्म- 03 अगस्त 1937
निधन- 16 सितंबर 2009

मीनाक्षी मुखर्जी एक साहित्यकार और साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता थीं। अंग्रेजी साहित्य की प्रोफेसर थीं और उन्होंने भारतीय अंग्रेजी साहित्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मीनाक्षी ने कई किताबें लिखीं, जिनमें ₹द परपेचुअल परिदेशी₹ और ₹इमैजिनिंग इंडिया₹ प्रमुख हैं। उनकी लेखनी में भारतीय संस्कृति और साहित्य की गहरी समझ झलकती थी। उन्हें साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए कई पुरस्कार मिले। उनकी रचनाएं और शिक्षा आज भी कई विद्यार्थियों और साहित्य प्रेमियों को प्रेरणा देती हैं।

## स्नेहा शर्मा

रेस कार ड्राइवर और पायलट



जन्म- 1 अगस्त 1990, कोलकाता, पश्चिम बंगाल,

स्नेहा शर्मा एक भारतीय रेस कार ड्राइवर और पायलट हैं। स्नेहा ने बहुत छोटी उम्र में कार रेसिंग में दिलचस्पी दिखाई और जल्द ही अपनी मेहनत से सफलता हासिल की। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई रेसिंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया और कई पुरस्कार जीते। स्नेहा इंडिगो एयरलाइंस में पायलट भी हैं। वह अपनी साहसिक और प्रेरणादायक यात्रा के लिए जानी जाती हैं, और उन्होंने युवाओं के लिए एक मिसाल कायम की है। स्नेहा का जीवन बताता है कि मेहनत और जुनून से किसी भी सपने को हासिल किया जा सकता है।

## मनीषा सिंह

भारतीय-अमेरिकी वकील



जन्म- 01 अगस्त 1971, पंतनगर, उत्तराखंड

मनीषा सिंह एक प्रमुख भारतीय-अमेरिकी वकील और सरकारी अधिकारी हैं। मनीषा ने अमेरिका में पढ़ाई की और कानून की डिग्री हासिल की। उन्होंने अमेरिकी सरकार में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया, जिनमें सबसे उल्लेखनीय अमेरिकी विदेश विभाग में आर्थिक और व्यापार मामलों की सहायक सचिव का पद है। मनीषा ने व्यापार और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी सफलता की कहानी बहुत प्रेरणादायक है, खासकर भारतीय समुदाय के लिए, क्योंकि उन्होंने कड़ी मेहनत और समर्पण से ऊंचा मुकाम हासिल किया है।

## टी. मीना कुमारी

न्यायाधीश



जन्म- 3 अगस्त 1951
विशाखापत्तनम जिला, आंध्र प्रदेश

मीना कुमारी भारत उच्च न्यायालय की न्यायाधीश हैं। वे मेघालय उच्च न्यायालय की पहली मुख्य न्यायाधीश थीं। उन्होंने पहले आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय और पटना उच्च न्यायालय की न्यायाधीश के रूप में कार्य किया। उन्हें दिसंबर 2014 में तमिलनाडु राज्य मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में कार्य करते हुए, वह टी. मुरलीधर राव बनाम आंध्र प्रदेश राज्य 2010 के मामले में सात न्यायाधीशों की पीठ के सदस्य के रूप में शामिल थीं। यह मामला धर्म-आधारित आरक्षण, विशेष रूप से पिछड़े वर्ग के मुसलमानों के लिए आरक्षण से संबंधित था। बहुमत के दृष्टिकोण से सहमत होते हुए, जिसने कोटा को खारिज कर दिया, न्यायमूर्ति टी. मीना कुमारी ने एक अलग निर्णय दिया।

## नलिनी दास

शिक्षाविद्, लेखिका और संपादक



जन्म- 5 अगस्त 1916
निधन- 26 मार्च 1993

नलिनी दास एक बंगाली शिक्षाविद्, लेखिका और संपादक थीं। वह बंगाली बच्चों की पत्रिका संदेश की संपादकों में से एक थीं। दास अपनी शिक्षा के तुरंत बाद विक्टोरिया इंस्टीट्यूशन में दर्शनशास्त्र विभाग की संकाय सदस्य थीं। बाद में वे बंगाल सरकार की शैक्षिक सेवा में शामिल हो गईं। 1945 में, उन्हें स्कूल शिक्षकों के प्रशिक्षण के बारे में जानने के लिए सरकारी छात्रवृत्ति पर इंग्लैंड भेजा गया था। वापस आने पर, वे नव स्थापित डेविड हेयर ट्रेनिंग कॉलेज में शामिल हो गईं। जब महिलाओं के लिए एक अलग शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज, इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन फॉर विमेन की स्थापना की गई, तो वे इसके संकाय की वरिष्ठ सदस्य बन गईं। बाद में वे उस संस्थान की प्रिंसिपल बन गईइं। कॉलेज में सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें सम्मानित करने वाला पुरस्कार दिया गया।

# बालों में तेल लगाते समय नहीं करें ये गलतियां

**ज**ब भी बालों की केयर की बात होती है तो उसमें ऑयलिंग को सबसे पहले शामिल किया जाता है। बालों में तेल लगाकर मसाज करने से स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन इंप्रूव होता है और इससे हेयर ग्रोथ में मदद मिलती है। साथ ही साथ, इससे हेयर फॉल से लेकर अन्य कई तरह की समस्याओं से भी निजात मिलती है। हालांकि, हर किसी को हेयर ऑयलिंग से ये लाभ नहीं मिलते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि बालों में तेल लगाते समय वे कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही गलतियों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अक्सर लोग बालों में तेल लगाते हुए कर बैठते हैं-

### ज़्यादा तेल का इस्तेमाल करना

कई बार लोग सोचते हैं कि अगर वे बहुत अधिक तेल का इस्तेमाल करेंगे तो इससे उन्हें कम समय में बेहतर रिजल्ट मिलेंगे। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं होता है। बहुत ज़्यादा तेल लगाने से आपके बाल चिपचिपे हो सकते हैं और फिर उन्हें धोना मुश्किल हो सकता है। आप हमेशा अपनी बालों की लेंथ को ध्यान में रखते हुए ही तेल की मात्रा लें।



### हर दिन तेल लगाना

यह सच है कि बालों के लिए तेल बहुत अधिक फायदेमंद साबित होता है। लेकिन किसी भी चीज की अति क्षति का कारण बनती है। ऐसा ही कुछ ऑयलिंग के साथ भी है। जब आप अपने बालों पर हर दिन तेल लगाना शुरू करते हैं तो इससे स्कैल्प पर तेल जम सकता है, जिससे पोर्स क्लॉग हो सकते हैं। जिसकी वजह से आपको रूसी या स्कैल्प से जुड़ी अन्य समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए, आप सप्ताह में दो या तीन बार से अधिक ऑयलिंग ना करें।

### गंदे बालों पर तेल लगाना

ऑयलिंग करते हुए की जाने वाली एक कॉमन मिसटेक है। अमूमन यह देखने में आता है कि लोग गंदे बालों पर ही तेल लगा लेते हैं। जिससे तेल बेहतर तरीके स अब्जॉर्ब नहीं हो पाता है। बालों को साफ़ करने के बाद ही तेल लगाएं।

# डिजाइनर ब्लाउज के साथ मनाएं हरियाली तीज



इस बार हरियाली तीज 7 अगस्त को मनाई जाएगी। इस खास मौके पर महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए भगवान शिव और देवी पार्वती के लिए व्रत करती हैं। इस दिन सुहागिन महिलाएं हरे रंग के कपड़े पहनकर पूजा-पाठ करती हैं। ऐसे में अगर आप भी त्योहार पर साड़ी पहनने का सोच रही हैं और अपने लुक को कुछ मॉर्डन टच देना चाहती हैं यहां हम आपके लिए लाए हैं कुछ डिजाइनर ब्लाउज। आइए नजर डालते हैं इन ब्लाउज पर।



### बोट नेक ब्लाउज़

इस ब्लाउज़ में चौड़ी नेकलाइन होती है जो नाव की तरह दिखती है। यह साड़ी और लहंगे के साथ अच्छी तरह से मेल खाता है, जो इसे तीज जैसे त्यौहारों के लिए एक लोकप्रिय विकल्प बनाता है।

### वी-नेक ब्लाउज

इस ब्लाउज में वी-शेप की नेकलाइन है जो आकर्षक और एलिगेंट दोनों है। यह गर्दन को लंबा करता है और इसे कई तरह की साड़ियों और लहंगे के साथ पहना जा सकता है ताकि यह एक सुंदर लुक दे सके।





### हेल्टर नेक ब्लाउज़

एक हेल्टर नेक ब्लाउज में पट्टियां होती हैं जो गर्दन के चारों ओर जाती हैं, जिससे कंधे और पीठ खुली रहती हैं। यह एक स्टाइलिश और मॉडर्न ऑप्शन है जो कंटेम्परारी ट्विस्ट के साथ साड़ियों और लहंगे को कॉम्पलिमेंट देता है।

### किमोनो स्लीव

इस ब्लाउज में चौड़ी, बहने वाली आस्तीन होती हैं जो किमोनो जैसी दिखती हैं। यह एक अनूठा और स्टाइलिश लुक प्रदान करता है, जो मॉर्डन ट्विस्ट के साथ पारंपरिक आउटफिट के लिए आदर्श है।





### पेप्लम ब्लाउज़

इस ब्लाउज़ में कमर पर एक फ्लेयर्ड, स्कर्ट जैसा हिस्सा होता है। यह आउटफिट में वॉल्यूम और फेमिनिन टच जोड़ता है। पेप्लम ब्लाउज़ उन लोगों के लिए बेहतरीन हैं जो फैशनेबल लुक चाहते हैं।

### कैप स्लीव ब्लाउज़

छोटी, कैप जैसी स्लीव्स वाला यह ब्लाउज़ उन लोगों के लिए एकदम सही है जो शालीन लेकिन फैशनेबल लुक पसंद करते हैं। यह आरामदायक है और इसे कढ़ाई या मोतियों से सजाया जा सकता है।



## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। बड़ा काम करने का मन बनेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। भाग्य अनुकूल रहेगा।

**वृष** — विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दुःखद समाचार मिल सकता है। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। दौड़धूप अधिक होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग कम मिलेगा।

**मिथुन** — रचनात्मक कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन होगा। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी। व्यस्तता रहेगी। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**कर्क** — स्थायी संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। प्रॉपर्टी के कामकाज बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। रोजगार मिलेगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे।

**सिंह** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उत्साह की अधिकता तथा व्यस्तता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। कारोबार ठीक चलेगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है।

**कन्या** — बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम करने की इच्छा नहीं होगी। विवाद से क्लेश संभव है। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। मेहनत अधिक और लाभ कम रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**तुला** — कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में चैन रहेगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर मिल सकता है।

**वृश्चिक** — योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्यभार तथा अधिकार दोनों बढ़ सकते हैं। बाहर जाने की योजना बनेगी।

**धनु** — डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेशादि मनोनुकूल लाभ देंगे। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में लाभ बढ़ेगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**मकर** — विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। कुसंगति से बचें। घर-परिवार की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय बनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कुंभ** — चोट व रोग से बाधा संभव है। झंझटों में न पड़ें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। समय अनुकूल है, लाभ लें। प्रमाद न करें।

**मीन** — उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। फालतू खर्च होगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। कारोबार में लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड आदि मनोनुकूल लाभ देंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

# नीलम रत्न धरण करने से होते हैं अद्भुत और रहस्यमयी लाभ जानें

**नी**लम शनि का रत्न है और अपना असर बहुत तीव्रता से दिखाता है इसलिए नीलम कभी भी बिना ज्योतिषी की सलाह के नहीं पहनना चाहिए।

नीलम रत्न को पहनने के लिए कुंडली में निम्न योग होने आवश्यक हैं।

मेष, वृष, तुला एवं वृश्चिक लग्न वाले अगर नीलम को धारण करते हैं तो उनका भाग्योदय होता है।

चौथे, पांचवें, दसवें और ग्यारहवें भाव में शनि हो तो नीलम जरूर पहनना चाहिए।

शनि छठें और आठवें भाव के स्वामी के साथ बैठा हो या स्वयं ही छठे और आठवें भाव में हो तो भी नीलम रत्न धारण करना चाहिए।

शनि मकर और कुंभ राशि का स्वामी है। इनमें से दोनों राशियां अगर शुभ भावों में बैठी हों तो नीलम धारण करना चाहिए, लेकिन अगर दोनों में से कोई भी राशि अशुभ भाव में हो तो नीलम नहीं पहनना चाहिए।



शनि की साढ़ेसाती में नीलम धारण करना लाभ देता है।

शनि की दशा अंतर्दशा में भी नीलम धारण करना लाभदायक होता है।

शनि की सूर्य से युति हो, वह सूर्य की राशि में हो या उससे दृष्ट हो तो भी नीलम पहनना चाहिए।

कुंडली में शनि मेष राशि में स्थित हो तो भी नीलम पहनना चाहिए।

कुंडली में शनि वक्री, अस्तगत या दुर्बल अथवा नीच का हो तो भी नीलम धारण करके लाभ होता है।

जिसकी कुंडली में शनि प्रमुख हो और प्रमुख स्थान में हो उन्हें भी नीलम धारण करना चाहिए।

क्रूर काम करने वालों के लिए हमेशा उपयोगी होता है।




प्रियंका जैन
9769994439

## खबर संक्षेप

### प्रतिबंधित पदार्थ जब्ती मामले में आरोपी को भेजा गया जेल

**किशनगंज।** धरमपुर रोड के समीप एक ट्रक पर लदा हुआ प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किये जाने के मामले में सदर थाने की पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को सोमवार को जेल भेज दिया है। मामले में कानून सम्मत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करवायी गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। गौर करें कि धर्मपुर के समीप शनिवार को पुलिस को एक ट्रक में प्रतिबंधित पदार्थ ले जाये जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी और ट्रक को जब्त कर लिया गया था। इसके बाद ट्रक की जांच की गई तो ट्रक में प्रतिबंधित पदार्थ था। ट्रक को जब्त कर थाना लाया गया।

### नव नियुक्त राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे बुधवार को करेंगे शपथ ग्रहण

**जयपुर।** राजस्थान के नव नियुक्त राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे बुधवार को राजभवन में आयोजित समारोह में शपथ ग्रहण करेंगे। राज्यपाल बागडे को मुख्य न्यायाधिपति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव शपथ ग्रहण करवाएंगे। राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह राजभवन में सांय 4 बजे आयोजित होगा।

### पुलिस कांस्टेबल की नौकरी लगवाने के नाम पर ठगे साढ़े ग्यारह लाख

**जयपुर।** करणी विहार थाना इलाके में पुलिस कांस्टेबल की नौकरी लगवाने के नाम पर एक व्यक्ति से साढ़े ग्यारह लाख रुपये की ठगी करने मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि साढ़े ग्यारह लाख रुपए से अधिक की राशि देने के बाद आरोपित ने नौकरी नहीं लगाई। इसके बाद पैसा भी नहीं लौटाया। आरोपित पिछले दो साल से निरंतर यह बात करता आ रहा है कि जल्द उसकी नौकरी लग जाएगी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल आशिष कुमार ने बताया कि करणी विहार निवासी दिलीप कुमार ने मामला दर्ज करवाया है कि आरोपित फरहत हुसैन ने राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल के पद पर नौकरी लगाने का आश्वासन देकर 27 नवम्बर 2022 से 25 फरवरी 2023 तक 11 लाख 52 हजार रुपए ले चुका है। आरोपित इसके बाद भी पैसा मांग रहा था, लेकिन पीड़ित पक्ष ने पैसा देना बंद कर दिया। पीड़ित के रिश्तेदारों ने आरोपित को कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन उसके बाद भी कोई समाधान नहीं निकला। जिस पर पीड़ित युवक ने फरहत हुसैन के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

# झारखंड विधानसभा से 4833.39 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

एजेंसी । रांची

झारखंड विधानसभा का दूसरा सत्र हंगामेदार रहा। पक्ष और विपक्ष दोनों ने ही सदन की कार्यवाही शुरू होने के पहले एक दूसरे को कटघरे में खड़ा किया। विपक्ष ने जहां बांग्लादेशी घुसपैठ को बढ़ावा देने के नाम पर हेमंत सरकार को आड़ों हाथों लिया तो वहीं सत्ता पक्ष के विधायकों ने गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे के सांसद में दिये गये बयान पर प्रदर्शन किया। लेकिन हंगामा के बावजूद सदन में सरकार ने 4 हजार 833 करोड़ 39 लाख का अनुपूरक बजट पेश कर दिया।




### हंगामा के कारण सदन की कार्यवाही स्थगित

भाजपा के विधायकों ने सदन की कार्यवाही शुरु होने के साथ ही हंगामा करना शुरू कर दिया। इसके बाद पार्टी के सभी नेता हंगामा करते हुए वेल में जा घुसे। इस दौरान स्पीकर रवींद्रनाथ महतो बार बार उन्हें अपने आसन पर जाने का आग्रह करते रहे। लेकिन वह नहीं मानें। इसके बाद स्पीकर ने सदन को दोपहर 12 ।30 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। इसके बाद जब विधानसभा की कार्यवाही दोबारा शुरु हुई तो पक्ष और विपक्ष दोनों हंगामा करते हुए वेल के अंदर जा घुसे। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सोमवार की कार्यवाही स्थगित कर दी।

### नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने उठाया बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने विधानसभा के भीतर संताल परगना के डेमोग्राफी बदलाव का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने सरकार से बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करने की मांग की। उन्होंने इसके पीछे हाईकोर्ट के आदेश की दलील दी। इसके अलावा उन्होंने पाकुड़ के केकेएम कॉलेज में हुई घटना को सदन के पटल पर रखा और दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की।

# 'लंका दहन में समय नहीं लगेगा'

**योगी आदित्यनाथ ने ओबीसी समाज को हनुमान की ताकत याद दिलाई**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज में हनुमान जी की ताकत बताते हुए कहा कि इनको बस एक बार याद दिलाने की जरूरत है, उसके बाद रावण की लंका दहन होने में समय नहीं लगेगा। योगी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक में यह बात कही।

लखनऊ में चल रही मोर्चा की बैठक को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने भी संबोधित किया। योगी के आने से पहले दोनों उप-मुख्यमंत्री अपने भाषण के बाद निकल गए थे। योगी ने कहा कि विपक्ष ने पिछड़ी जातियों को गुमराह किया। माफिया को संरक्षण देने वाले और पीडीए का नारा देने वाले राजू पाल, उमेश पाल, कृष्णानंद राय और उनके साथ मरने वाले रमेश पटेल और रमेश यादव की हत्या के समय कहां थे। सीएम योगी ने कहा कि जब कोई समाज अपने स्व का बोध खोता है तो पहचान का संकट खड़ा होता है, ऐसा ही षडयंत्र इस समाज के साथ हुआ है। जो समाज अपने बल, अपनी बुद्धि और अपने पौरुष से भारत को सोने की चिड़िया बनाने और समृद्ध बनाने का जज्बा रखता था, उसको आपस में लड़ा कर पहचान का संकट पैदा कर दिया गया।

### योगी ने कांवड़ यात्रा का किया जिक्र



योगी ने कांवड़ यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि इस समय पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा चल रही है। यही कांवड़ यात्रा सपा, बसपा, कांग्रेस की सरकारों में प्रतिबंधित थी। जबकि ये केवल शिव भक्तों की यात्रा भर नहीं थी बल्कि रोजगार का माध्यम भी थी। एक बार की कांवड़ यात्रा से वो हस्तशिल्पी वर्ष भर की आय प्राप्त कर लेते थे। योगी ने कहा कि सपा सरकार में 86 एसडीएम की नियुक्ति हुई। 86 में से 56 सिर्फ एक ही जाति से हुई। वो लोग इस बात पर खामोश हो जाते हैं। सीएम ने कहा कि पिछले 7 वर्षों में यूपी सरकार ने 6.50 लाख सरकारी भर्ती की है जिसमें 60 फीसदी ओबीसी समाज की भर्ती की। 69 हजार शिक्षकों की भर्ती में इसको लागू किया। वही लोग प्रश्न खड़ा करते हैं जो 86 में 56 एक ही समाज की भर्ती करते थे।

# ट्रक और ऑटो की टक्कर में 5 की मौत, कई घायल

**वैशाली।** वैशाली जिले के हाजीपुर में सोमवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। जिले के हरौली से मुजफ्फरपुर के मोतीपुर जा रहे श्रद्धालुओं से भरे ऑटो रिक्शा को वैशाली थाना क्षेत्र के कोल्ड स्टोर के पास ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य घायल हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को पीएमसीएच



रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि सोमवार को सभी महिलाएं मुजफ्फरपुर के मोतीपुर से वैशाली जिले के हरौली स्थित बूढ़ी माई मंदिर में पूजा करने आई थीं। पूजा करने के बाद सभी महिलाएं ऑटो से वापस मोतीपुर लौट रही थीं।

# अफजाल अंसारी को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

**गैंगस्टर में मिली चार साल की सजा रद्द**

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के सांसद अफजाल अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में अफजाल अंसारी को मिली चार साल की सजा को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही अफजाल अंसारी की सांसदी पर मंडरा रहा खतरा समाप्त हो गया और वह सांसद बने रहेंगे। वर्ष 2005 में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या के बाद अफजाल पर यह मामला दर्ज किया गया था। इसके साथ ही अदालत ने इसी मामले में अफजाल की सजा बढ़ाने की उत्तर प्रदेश सरकार और कृष्णानंद राय के बेटे पीयूष कुमार राय की अपील भी खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने सोमवार को दिया। कोर्ट ने तीनों अपील पर लंबी सुनवाई के बाद गत चार जुलाई को फैसला सुरक्षित कर लिया था।

### अदालत के निर्णय को रद्द करने का आदेश पारित



हाईकोर्ट ने गाजीपुर की अदालत के निर्णय को रद्द करने का आदेश पारित किया। गाजीपुर की सांसद-विधायक अदालत ने 29 अप्रैल 2023 को अफजाल को गैंगस्टर कानून के मामले में दोषी करार दिया था और उन्हें चार साल की जेल की सजा सुनाई थी। इसके अलावा उन पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था। अदालत ने अफजाल के भाई मुख्तार अंसारी को भी दोषी करार देते हुए 10 वर्ष की जेल की सजा सुनाई थी।

### उच्च न्यायालय ने 24 जुलाई 2023 को अफजाल को जमानत दे दी

उच्च न्यायालय ने 24 जुलाई 2023 को अफजाल को जमानत दे दी, लेकिन इस मामले में उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। जिसके चलते उन्हें जेल से तो रिहा कर दिया गया, लेकिन उनकी सांसदी बहाल नहीं हुई। साथ ही वह भविष्य में चुनाव लड़ने के अयोग्य हो गए क्योंकि उन्हें सुनाई गई सजा दो वर्ष से अधिक की थी।




# एक ही स्कूल की चार छात्राएं लापता

**पुलिस जांच में जुटी**

**नालंदा।** बिहार के नालंदा में सबको भौचक्का कर देने वाली घटना सामने आयी है। जिला में एक साथ नाबालिग बच्चियों के लापता होने का मामला सामने आया है। बीते शनिवार 27 जुलाई की शाम से अचानक चार छात्राएं लापता हैं। परिजनों ने लाख कोशिश की उन्हें ढूँढने की लेकिन वे असमर्थ रहे। ये घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के लालबाग गांव से जुड़ा है।

### सभी बच्चियां 14-15 साल के आसपास की हैं

इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ। ये चार बच्चियां आपस में सहेली थी। जिनका रोज साथ में विद्यालय आना-जाना रहता था। वैसे ही बीते शनिवार को ये लोग घर से विद्यालय के लिए साथ में निकली, लेकिन शाम में घर वापस नहीं आयी। जिसके बाद से परिवार में चिंता का विषय बना हुआ है। परिजनों को किसी अनहोनी होने का भी डर सता रहा है। ये सभी बच्चियां उत्क्रमित मध्य विद्यालय लालबाग में पढ़ती हैं। इन सभी बच्चियों की उम्र महज 14-15 के आसपास का बताया जा रहा है। लापता बच्चियों के परिजन ने दीपनगर थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है।

### ग्रामीणों का शक प्रेम-प्रसंग का भी है

दीपनगर थाना प्रभारी नारद मुनि ने बताया कि रविवार 28 जुलाई को गुमशुदगी की सूचना मिली। लापता बच्चियों के परिजन ने आवेदन दिया है। इस घटना के बाद पुलिस छानबीन में लग गई है। ग्रामीणों का शक प्रेम प्रसंग का भी है।

## व्यापार जगत

# ओला इलेक्ट्रिक का IPO 2 अगस्त को होगा ओपन

## 6 अगस्त तक बिडिंग कर सकेंगे निवेशक, प्राइस बैंड 72-76

एजेंसी । मुंबई

ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी IPO 2 अगस्त को ओपन होगा। निवेशक 6 अगस्त तक इसके लिए बिडिंग कर सकेंगे। 9 अगस्त को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर लिस्ट होंगे। इसी के साथ यह पहली लिस्टेड इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी बन जाएगी। इस इश्यू के जरिए कंपनी 6,145.56 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी 5,500 करोड़ के 723,684,210 फ्रेश शेयर इश्यू कर रही है। जबकि, कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए 645.56 करोड़ के 84,941,997 शेयर बेच रहे हैं।

### कंपनी ने 72-76 तक किया IPO का प्राइस बैंड




ओला इलेक्ट्रिक ने अपने IPO का प्राइस बैंड 72-76 तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 195 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप IPO के अपर प्राइज बैंड 76 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,820 इन्वेस्ट करने होंगे। वहीं, मैक्सिमम 13 लॉट यानी 2535 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते हैं। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 192,660 इन्वेस्ट करने होंगे।

### इश्यू का 10% हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व

कंपनी ने इश्यू का 75% हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIB) के लिए रिजर्व रखा है। इसके अलावा करीब 10% हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स और बाकी का 15% हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NII) के लिए रिजर्व है।

### 2017 में ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की हुई थी स्थापना

बेंगलुरु स्थित ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की स्थापना 2017 में हुई थी। कंपनी मुख्य रूप से ओला फ्यूचर फैक्ट्री में इलेक्ट्रिक व्हीकल, बैटरी पैक, मौटर्स और व्हीकल फ्रेम बनाती है। 31 मार्च 2024 तक कंपनी में 959 एम्प्लॉय (907 स्थायी और 52 फ्रीलांसर) थे।

### पिछले महीने SEBI ने ओला इलेक्ट्रिक को IPO लाने की मंजूरी दी

सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (SEBI) ने पिछले महीने ओला इलेक्ट्रिक को IPO लाने की मंजूरी दी थी। ओला भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक टू व्हीलर मैन्युफैक्चरर है। बेंगलुरु स्थित इस कंपनी ने 22 दिसंबर 2023 को SEBI के पास IPO के लिए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) फाइल किया था।DRHP के अनुसार ओला इलेक्ट्रिक ने ऑफर फॉर सेल के जरिए 9.52 मिलियन शेयर बेचने और नए शेयर इश्यू करके 5,500 करोड़ रुपए जुटाने का प्रस्ताव दिया था। अकेले कंपनी के फाउंडर भावेश अग्रवाल 4.73 करोड़ शेयर बेचने वाले हैं।

# ऑल टाइम हाई से गिरा शेयर बाजार

**सेंसेक्स 23 अंक की तेजी के साथ 81,355 पर बंद, निफ्टी भी फ्लैट रहा**

एजेंसी । मुंबई



हफ्ते के पहले कारोबारी दिन 29 जुलाई को सेंसेक्स ने 81,908 और निफ्टी ने 24,999 का ऑल टाइम हाई बनाया। हालांकि, इसके बाद बाजार में गिरावट देखने को मिली और सेंसेक्स 23 अंक की तेजी के साथ 81,355 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में 1 अंक की तेजी रही, ये 24,836 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में तेजी और 13 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 25 में तेजी और 25 में गिरावट रही।

### शुक्रवार को बाजार में रही थी तेजी

इससे पहले शुक्रवार यानी 26 जुलाई को शेयर बाजार में तेजी देखने मिली थी। निफ्टी ने 24,861 का ऑल टाइम हाई बनाया और 428 अंक की तेजी के साथ 24,834 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, सेंसेक्स 1292 अंक की तेजी के साथ 81,332 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में तेजी और 3 में गिरावट देखने को मिली थी। निफ्टी के 50 शेयरों में से 47 में तेजी और 3 में गिरावट रही थी।

# नतीजों के बाद 6% से ज्यादा चढ़ा PNB का शेयर

**मुंबई।** वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के नतीजे के बाद पंजाब नेशनल बैंक (PNB) के शेयर में आज 6.13% की तेजी देखने को मिल रही है। इसका शेयर 7.35 रुपए चढ़कर 127.30 रुपए पर कारोबार कर रहा है। अप्रैल-जून तिमाही में बैंक को 3,252 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट हुआ। सालाना आधार पर इसमें 159% की बढ़ोतरी हुई है। वहीं जून तिमाही में बैंक की टोटल इनकम यानी आय सालाना आधार पर 12.54% बढ़कर 32,165 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में 28,579 करोड़ रुपए रही थी। वहीं तिमाही आधार पर बैंक की इनकम 0.60% घटी है।

### बैंक की टोटल इनकम 12.54% बढ़ी




वहीं जून तिमाही में बैंक की टोटल इनकम यानी आय सालाना आधार पर 12.54% बढ़कर 32,165 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में 28,579 करोड़ रुपए रही थी। वहीं तिमाही आधार पर बैंक की इनकम 0.60% घटी है।

# अडाणी टोटल गैस का मुनाफा 15% बढ़कर 172 करोड़

**पहली तिमाही में कमाई 9.16% बढ़कर 1,239 करोड़ रही**

**शेयर ने 1 साल में 34% रिटर्न दिया**

**मुंबई।** अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी टोटल गैस का वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 172 करोड़ रुपए रहा है। सालाना आधार पर इसमें 15% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 150.22 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। कमाई (रेवेन्यू) की बात करें तो अप्रैल-जून तिमाही में यह टोटल 1,239.06 करोड़ रुपए रही। सालाना आधार पर इसमें 9.16% की बढ़ोतरी हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में कंपनी ने 1,135.35 करोड़ की कमाई की थी।




### तिमाही आधार पर 3% बढ़ा प्रॉफिट

पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही यानी जनवरी-मार्च में अडाणी टोटल गैस ने 167.96 करोड़ का मुनाफा दर्ज किया था। तिमाही आधार पर इसमें 3% की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, रेवेन्यू 1.51% घटा है। जनवरी-मार्च में कंपनी ने 1,258.37 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था।

### शेयर ने 1 साल में दिया 34% रिटर्न

अडाणी टोटल गैस का शेयर आज सोमवार को 0.39% की तेजी के साथ 891.90 रुपए पर बंद हुआ। पिछले 6 महीने में कंपनी का शेयर 13.88% गिरा है। वहीं एक साल में 34.38% चढ़ा है। कंपनी का शेयर इस साल यानी 1 जनवरी 2024 से अब तक 10.89% गिरा है। कंपनी का मार्केट-कैप 98.21 हजार करोड़ रुपए है।

निशानेबाजी

मिश्रित टीम में भारतीय जोड़ी कांस्य मुकाबले में पहुंची

अर्जुन बबूता 10 मीटर एयर राइफल में कांसे से चूके, सातवें स्थान पर रहीं रमिता जिंदल

# मनु-सरबजोत ने कांस्य की उम्मीद जगाई

**580 के स्कोर के साथ भारतीय जोड़ी ने मिश्रित टीम स्पर्धा के पदक दौर का टिकट कटाया**

**576 का स्कोर करके रिदम सांगवान और अर्जुन सिंह चीमा की जोड़ी दसवें स्थान पर रही**

एजेंसी । शेटराउ

शानदार प्रदर्शन के दम पर कांस्य जीतकर पेरिस ओलंपिक में भारत का खाता खोलने वालीं युवा निशानेबाज मनु भाकर ने दूसरे पदक की ओर कदम बढ़ा दिया है। पहला ओलंपिक खेल रहीं 22 साल की मनु ने सरबजोत सिंह के साथ सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक के मुकाबले के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। हालांकि अर्जुन बबूता 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक पर निशाना लगाने से चूक गए। रमिता जिंदल महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल में सातवें स्थान पर रहीं। मनु ने रविवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था और ओलंपिक पदक जीतने वाली वह पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनी। भारत को उन्होंने ओलंपिक की निशानेबाजी रेंज पर 12 साल बाद पदक दिलाया था।



### अब कोरियाई जोड़ी से सामना

मनु और सरबजोत ने मिश्रित टीम स्पर्धा में 580 स्कोर करके पदक दौर में प्रवेश किया जहां उनका सामना मंगलवार को कोरिया के ओह यि जिन और ली वोन्हो से होगा। मनु ने पहली दो सीरीज में 98 स्कोर किया लेकिन तीसरे सेट में 95 स्कोर कर सकीं। वहीं पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के व्यक्तिगत दौर में फाइनल से चूके सरबजोत ने दूसरे और तीसरे सेट में 97 स्कोर किया जबकि पहले सेट में उनका स्कोर 95 था। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में भारत की रिदम सांगवान और अर्जुन सिंह चीमा की जोड़ी 576 के स्कोर के साथ दसवें स्थान पर रही और पदक की दौड़ में शामिल नहीं हो सकी।

### चौथे स्थान पर रहे बबूता

पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल में अर्जुन बबूता पदक जीतने के करीब पहुंचने के बाद चौथे स्थान पर रहे। बबूता ने 208.4 स्कोर किया। चीन के शेंग लिहाओ ने 252.2 के ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन को 251.4 के स्कोर के साथ रजत मिला। वह ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ने से दशमलव तीन अंक से चूक गए। क्रोएशिया के मारिसिच मिरान (230) को कांस्य पदक मिला। इससे पहले रियो ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा इसी स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे थे।

### रमिता के निशाने चूके

भारत की रमिता जिंदल महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में सातवें स्थान पर रहीं। 20 वर्ष की रमिता ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 145.3 स्कोर किया। वह दस शॉट के बाद सातवें स्थान थीं जब एलिमिनेशन शुरू हुआ। इसके बाद उसने 10.5 का शॉट लगाकर छठा स्थान हासिल किया और नॉर्वे की हेग लीनेट डस्टाड बाहर हो गई। अगले शॉट पर रमिता बाहर हुई। रविवार को क्वालीफिकेशन में वह पांचवें स्थान पर रही थीं। हांगझोउ एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता रमिता ने विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता मेहुली घोष और तिलोत्तमा सेन को घरेलू ट्रायल में हराकर पेरिस का टिकट कटाया था।

बैडमिंटन

# पोनप्पा-क्रैस्टो लगातार दूसरी हार से बाहर होने की कगार पर

एजेंसी । पेरिस

भारत की अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो की जोड़ी बैडमिंटन मुकाबलों से बाहर होने की कगार पर पहुंच गई है। उन्हें महिला युगल में लगातार दूसरे मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। सोमवार को जापान की नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी ने भारतीय जोड़ी को 48 मिनट चले मुकाबले में 21-11, 21-12 से शिकस्त दे दी। इससे पहले कल भारत की यह जोड़ी ग्रुप सी में दक्षिण कोरियाई किम सो यियोंग और कोंग ही योंग की जोड़ी से 18-21, 10-21 से हार गई थी। दुनिया की 19वें नंबर की जोड़ी पोनप्पा-क्रैस्टो फिलहाल ग्रुप सी में जापान और कोरिया के बाद तीसरे स्थान पर है। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। अब आखिरी ग्रुप मैच में पोनप्पा-क्रैस्टो का सामना ऑस्ट्रेलिया की सेतियाना मापासा और एंजेला यू से होगा।



### पोनप्पा ने हार के बाद क्या कहा ?

पोनप्पा ने हार के बाद कहा, यह हार निराशाजनक है क्योंकि यही एक जरिया था जिससे क्वार्टर फाइनल की राह बनती। जापानी टीम काफी मजबूत थी जिन्हें हम अच्छी चुनौती नहीं दे सके। हमें एक और मैच खेलना है और उम्मीद है कि वह जीत सकेंगे।

## बोपन्ना-बालाजी की हार से टेनिस में भारतीय चुनौती समाप्त

एजेंसी । पेरिस



सुमित नागल के एकल तथा रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी की पुरुष युगल जोड़ी के पहले दौर में हारने के साथ ही भारत की पेरिस ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता में चुनौती समाप्त हो गई। बोपन्ना और बालाजी को एडवर्ड रोजर वासेलिन और गेल मोंफिल्स की फ्रांसीसी जोड़ी से 5-7, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। मोंफिल्स ने अंतिम समय में घरेलू टीम में घायल फैबियन रेबौल की जगह ली थी। बोपन्ना का यह संभवतः आखिरी ओलंपिक था। यह 44 वर्षीय खिलाड़ी डेविस कप से पहले ही संन्यास ले चुका है। इससे पहले रविवार को नागल कोर्ट पर उतरने वाले पहले खिलाड़ी थे। ओलंपिक में दूसरी बार भाग ले रहे नागल ने पहला सेट हारने के बाद वापसी की, लेकिन उन्हें दो घंटे और 28 मिनट चले मैच में 2-6, 6-4, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा।

## ओलंपिक ट्रायथलन तैराकी अभ्यास लगातार दूसरे दिन रद्द

एजेंसी । पेरिस



सीन नदी के पानी का स्तर खराब होने से ओलंपिक ट्रायथलन की तैराकी स्पर्धा के लिए तैयारी लगातार दूसरे दिन रद्द कर दी गई। आयोजकों ने उम्मीद जताई है कि मंगलवार को स्पर्धा शुरू होने पर ट्रायथलीट नदी में तैराकी कर सकेंगे। विश्व ट्रायथलन, उसकी मेडिकल टीम और शहर प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि अगले 36 घंटों में धूप खिलने और तापमान बढ़ने से पानी की गुणवत्ता बेहतर होगी। विश्व ट्रायथलन ने पानी की गुणवत्ता की समीक्षा के लिए बैठक के बाद तैराकी का अभ्यास रद्द करने का फैसला किया। अधिकारियों ने कहा कि उद्घाटन समारोह के दिन आई बारिश के कारण पानी की गुणवत्ता पर असर पड़ा है। सीन नदी का जल प्रदूषित होने के कारण पिछले सौ साल से यहां तैराकी पर प्रतिबंध है। ओलंपिक से पहले पानी को साफ करने के लिए आयोजकों ने 1.4 अरब यूरो खर्च किए हैं।

## वनडे सीरीज : अभ्यास सत्र में भाग लेंगे रोहित और कोहली

एजेंसी । कोलंबो

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली सहित अन्य खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ 2 अगस्त से शुरू होने वाली तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की सीरीज से पहले यहां अभ्यास सत्र में भाग लेंगे। तीनों वनडे मैच यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहला मैच 2 अगस्त, दूसरा 4 अगस्त और तीसरा मैच 7 अगस्त को खेला जाएगा।



### टीम से जुड़ेंगे खिलाड़ी

रोहित, कोहली और पहली बार टीम में शामिल किए गए हर्षित राणा सहित वनडे टीम में शामिल खिलाड़ी रविवार को यहां पहुंचे। सूर्यकुमार यादव की अगुआई में भारतीय टी-20 टीम मंगलवार को अंतिम मैच खेलेगी। उसके बाद वनडे टीम में शामिल खिलाड़ी रोहित के नेतृत्व वाली टीम से जुड़ेंगे। वे सहायक कोच अभिषेक नायर की देखरेख में कोलंबो में अभ्यास करेंगे। रोहित, कोहली और कुलदीप यादव टी-20 विश्व कप में भारत की जीत के बाद पहली बार मैदान पर उतरेंगे। श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज से श्रेयस अय्यर भी टीम में वापसी करेंगे। उन्होंने भारत की तरफ से सीमित ओवरों का अंतिम मैच पिछले साल दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था।

# टी-20 प्रारूप में 2025 के पुरुष एशिया कप की मेजबानी करेगा भारत

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत अगले साल टी-20 प्रारूप में पुरुषों के एशिया कप की मेजबानी करेगा, जबकि यह टूर्नामेंट 2027 में बांग्लादेश में 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा। एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा जारी प्रायोजन अधिकार दस्तावेज़ के लिए रुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण के अनुसार, कुल 13 मैच टूर्नामेंट में होंगे जिसमें छह टीमें - भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफ़गानिस्तान भाग लेंगी और छठी टीम क्वालीफाइंग इवेंट के ज़रिए चुनी जाएगी। हालांकि तारीखों को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है, लेकिन सूत्रों ने संकेत दिया है कि देश में मानसून का मौसम खत्म होने के बाद सितंबर में इसे आयोजित किया जा सकता है।

### भारत का अगले साल काफी व्यस्त कार्यक्रम




अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) 2023-27 के अनुसार, भारत का अगले साल काफी व्यस्त कार्यक्रम है, क्योंकि जनवरी-फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज होगी, उसके बाद फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी होगी। आईपीएल खत्म होने के बाद, टीम जून से अगस्त तक इंग्लैंड का दौरा करेगी और फिर तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने के लिए बांग्लादेश जाएगी। इसलिए, एशिया कप बांग्लादेश सीरीज के बाद और अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले आयोजित होने की उम्मीद है। हालांकि, बीसीसीआई के सूत्रों ने स्पष्ट किया कि संभावित स्थलों के बारे में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। जबकि 2026 में कोई पुरुष एशियाई टूर्नामेंट नहीं होगा, उस साल महिला एशिया कप टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, उसके बाद पुरुषों का अंडर-19 और इमर्जिंग टीम एशिया कप टूर्नामेंट होगा।

# 'कोटेशन गैंग' की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

अभिनेत्री सनी लियोनी मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म 'कोटेशन गैंग' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान विवेक कुमार कन्नन ने संभाली है। दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए नजर आएंगे। प्रियामणि भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। अब फिल्म का नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसमें सनी का धांसू अवतार दिख रही हैं। इसके साथ फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है।




### 30 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म

'कोटेशन गैंग' 30 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना एकता कपूर की फिल्म 'बिन्नी एंड फैमिली' से होगा। सनी ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि 'कोटेशन गैंग' 30 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है। एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव के लिए तैयार हो जाइए।' फिल्म में सनी को एक हत्यारे के रूप में दिखाया गया है।



# मिस्टर बच्चन और डबल आईस्मार्ट में होगा महाक्लैश

सिनेमा जगत में बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों का टकराना आज कोई नई बात नहीं है। पहले भी फिल्मों का आपस में क्लैश देखने के लिए मिलता रहा है। फिर इसमें किसी को फायदा होता है तो किसी को नुकसान। इसी बीच साउथ की दो फिल्मों के बीच बड़ा क्लैश होने वाला है। 15 अगस्त, 2024 को बॉक्स ऑफिस पर महाक्लैश देखने के लिए मिलने वाला है। इस दिन कोई एक दो नहीं बल्कि पांच फिल्में रिलीज होने वाली हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के बॉक्स ऑफिस पर ये सबसे बड़ी टक्कर हो सकती है। मेगा फिल्म स्टार रवि तेजा की मिस्टर बच्चन और राम पोथिनेनी स्टारर डबल आईस्मार्ट रिलीज होने वाली है। दोनों आने वाली फिल्में 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। इस बीच मिस्टर बच्चन के निर्देशक हरीश शंकर ने डबल आईस्मार्ट के साथ रिलीज डेट क्लैश पर प्रतिक्रिया दी है।

### फिल्मों का टकराव होना आम बात है

इस मामले पर मिस्टर बच्चन के निर्देशक हरीश शंकर ने क्लैश पर अपनी राय दी है। गुल्टे की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म निर्माता ने पुरी जगन्नाथ के प्रति अपना गहरा सम्मान व्यक्त किया और कहा कि वह कभी भी खुद की तुलना बाद वाले से नहीं करना चाहेंगे। हरीश ने कहा, भले ही टकराव हुआ हो, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है कि पुरी जगन्नाथ और मैं एक दूसरे से झगड़ रहे हैं।



### साउथ के साथ-साथ ये 5 फिल्म भी हो रही रिलीज

वही 15 अगस्त को एक नहीं बल्कि 5 फिल्म रिलीज हो रही है। साउथ की दो फिल्मों के अलावा 15 अगस्त को 5 फिल्म रिलीज हो रही है। 'स्त्री 2', खेल खेल में, वेदा और साउथ ही दो फिल्म मिस्टर बच्चन और डबल आईस्मार्ट।

## 'KD द डेविल' से संजय दत्त की पहली झलक जारी



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय दत्त पिछले लंबे वक्त से अपनी आने वाली फिल्म 'KD द डेविल' को सुर्खियों में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान प्रेम ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। 29 जुलाई को संजय अपना 65वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर अभिनेता के प्रशंसकों को खास तोहफा मिला है। दरअसल, फिल्म 'KD द डेविल' से संजय की पहली झलक सामने आ गई है। सामने आए पोस्टर में संजय का धांसू अवतार दिख रहा है। इस फिल्म में उनका नाम 'धकदेवा' होगा। इसके साथ फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। यह फिल्म दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। 'KD द डेविल' एक पैन-इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, तमिल और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। ध्रुव सरजा, रीशमा नानैय्या, शिल्पा शेट्टी, जिशु सेनगुप्ता और नोरा फतेही भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।




## एकता कपूर की 'बिन्नी एंड फैमिली' का पहला पोस्टर जारी

अभिनेता सिद्धार्थ धवन की बेटी और वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन 20 की उम्र में अभिनय की दुनिया में कदम रखने को तैयार हैं। वह पिछले कुछ दिनों से अपनी पहली फिल्म 'बिन्नी एंड फैमिली' को लेकर चर्चा में हैं, जिसके निर्देशन की कमान संजय त्रिपाठी ने संभाली है। फिल्म की कहानी संजय ने लिखी है। एकता कपूर इस फिल्म की निर्माता हैं। अब निर्माताओं ने पारिवारिक मनोरंजक फिल्म 'बिन्नी एंड फैमिली' का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। सामने आए पोस्टर में अंजिनी समेत सभी कलाकारों की झलक दिख रही है। फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। यह फिल्म 30 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इस फिल्म में पंकज कपूर और राजेश कुमार जैसे दिग्गज सितारे भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। शिवपुरी हिमानी और नमन त्रिपाठी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। एकता इस फिल्म का निर्माण महावीर जैन के साथ मिलकर कर रही हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

## देश में नौकरियों की कोई कमी नहीं : श्रम मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने 'नेशनल करियर सर्विस पोर्टल पर उपलब्ध 19



लाख से अधिक रोजगार के अवसर का हवाला देते हुए सोमवार को लोकसभा में कहा कि देश में नौकरियों की कोई कमी नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान तृणमूल कांग्रेस सदस्य कल्याण बनर्जी के पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने रोजगार सृजन के लिए कई योजनाएं चलाई हैं और अब बेरोजगारी दर घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई है। भविष्य में इसके तीन प्रतिशत से नीचे आने की उम्मीद है। उनके मुताबिक, नेशनल करियर सर्विस पोर्टल पर नियोक्ताओं ने 19 लाख रोजगार के अवसर पोस्ट कर रखे हैं जहां लोग आवेदन कर सकते हैं।

## केजरीवाल की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में सोमवार को अरविंद केजरीवाल की CBI की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका और अंतरिम जमानत की याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने आज भी इस मामले में फैसला सुरक्षित रखा है। CBI की ओर से विशेष वकील डीपी सिंह पैरवी की। वहीं, केजरीवाल की ओर से एन हरिहरन और अभिषेक मनु सिंघवी दलीलें रखीं। CBI ने कहा कि केजरीवाल ही दिल्ली शराब नीति केस के असली सूत्रधार हैं। उनकी गिरफ्तारी के बिना मामले की जांच नहीं की जा सकती थी। एक महीने के भीतर हमने चार्जशीट दाखिल कर दी। दिल्ली हाईकोर्ट ने 17 जुलाई की सुनवाई में भी केजरीवाल की गिरफ्तारी और अंतरिम जमानत की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा था। वहीं, CBI ने केजरीवाल के खिलाफ स्पेशल CBI कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। CBI ने केजरीवाल को 26 जून को अरेस्ट किया था। कोर्ट ने केजरीवाल के अलावा मनीष सिसोदिया, BRS नेता के कविता समेत बाकी आरोपियों की न्यायिक हिरासत भी 31 जुलाई तक बढ़ाई है।

## हिमाचल में बादल फटा, 117 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में रविवार देर रात तेज बारिश हुई। चंडीगढ़-शिमला नेशनल हाईवे-5 पर पहाड़ दरकने से 1 शख्स की मौत हो गई, 3 घायल हो गए। किन्नौर जिले में बादल फटने के बाद तेज बारिश हुई। लोगों के घरों में पानी घुस गया। राज्य में अलग-अलग जगह लैंडस्लाइड के कारण 117 सड़कें बंद हैं।

## GST चोरी मामले में पूर्व मुख्य सचिव समेत 5 पर FIR दर्ज

**हैदराबाद।** हैदराबाद पुलिस के सेंट्रल क्राइम स्टेशन ने GST एक्ट के कथित उल्लंघन पर पूर्व मुख्य सचिव सोमेश कुमार और कॉमर्शियल टैक्स विभाग के दो वरिष्ठ अधिकारियों सहित पांच के खिलाफ FIR दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, 11 मामलों के शुरुआती वैरिफिकेशन में 400 करोड़ रुपए से ज्यादा की चोरी सामने आई है, जिसे आईआईटी-हैदराबाद ने छुपाया था। FIR में ऐसे ही एक और मामले में तेलंगाना स्टेट बेवरेजेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड शामिल है।

# नए चक्रव्यूह में फंसा देश, शिवजी की बारात के जरिए भेदेंगे : राहुल गांधी

**युवा, अग्निवीर, एमएसपी, पेपर लीक और मध्य वर्ग के मुद्दे उठाए ● रक्षा मंत्री ने लगाया अग्निवीर योजना पर गुमराह करने का आरोप**

एजेंसी । नई दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाभारत के चक्रव्यूह का हवाला देते हुए केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में भारत एक नए चक्रव्यूह में फंस गया है और इसका प्रतीक कमल का फूल है। आम बजट पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा, बजट की नीयत सिर्फ एकाधिकार वाले उद्योगपतियों, एकाधिकार वाली राजनीति और एजेंसियों को मजबूत करना है। इसका देश की 90 फीसदी आबादी से कोई लेना-देना नहीं है।बजट पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जनता को भाजपा ने एक चक्रव्यूह में फंसाया है। चक्रव्यूह के एक रूप को पद्मव्यूह (कमलव्यूह) को भाजपा से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि इस चक्रव्यूह में छह लोग हैं और वह देश के युवाओं, किसानों और एमएसएमई को फंसा रहे हैं। टोका-टोकी के बीच करीब 40 मिनट के अपने भाषण में राहुल गांधी ने शिव की बारात के जरिए भाजपा के इस चक्रव्यूह को भेदने का भी दावा किया।

### 'मध्य वर्ग की पीठ और छाती पर चाकू घोंपा'

राहुल गांधी ने चर्चा के दौरान मध्य वर्ग का भी मुद्दा उठाया। सरकार पर बजट में मध्य वर्ग की पीठ और सीने में छुरा घोंपने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि अब तक मध्यम वर्ग प्रधानमंत्री के साथ था। प्रधानमंत्री के कहने पर लोगों ने कोरोना काल में थाली बजाई थी। पर अब यह वर्ग इंडिया गठबंधन के साथ है। क्योंकि, सरकार ने रियल एस्टेट सेक्टर में इंडेक्शन की सुविधा खत्म कर पीठ और कैपिटल गेन टैक्स बढ़ाकर सीने में छुरा घोंपा है।



### क्या अंबानी-अडानी को ए1 और ए2 कहूं



राहुल गांधी ने कहा कि जिस तरह महाभारत का चक्रव्यूह छह लोगों ने रचा था। इसी तरह 21वीं सदी के चक्रव्यूह में भी छह लोग हैं। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, मोहन भागवत, अजित डोभाल, अंबानी और अडानी शामिल हैं। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें टोकते हुए कहा कि आप उन लोगों का नाम नहीं ले सकते, जो इस सदन के सदस्य नहीं हैं। इस पर राहुल ने कहा कि क्या वह इन लोगों को 3-4 या ए1 और ए2 कह सकते हैं।

### 'एमएसपी की कानूनी गारंटी देंगे'

भाषण के दौरान कई ऐसे मौके आए जब लोकसभा अध्यक्ष को हस्तक्षेप करना पड़ा। एक बार केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू भी खड़े हो गए। सत्तापक्ष की तरफ से लगातार टोका-टोकी से विचलित हुए बगैर राहुल गांधी अपने मुद्दे उठाते रहे। अपने भाषण में उन्होंने रोजगार, एमएसएमई, युवा, अग्निवीर, किसान, पेपर लीक, जीएसटी और मध्यम वर्ग के मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश की। इसके साथ यह भरोसा भी जताया कि इंडिया गठबंधन सत्ता में आने पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देगा।

### 'दो-तीन फीसदी लोगो को हलवा मिल रहा'

राहुल ने लोकसभा में बजट तैयारियों की शुरुआत पर होने वाले हलवा समारोह की एक तस्वीर का हवाला दिया। उन्होंने कहा, देश का हलवा बंट रहा है लेकिन इसमें देश की 73 फीसदी आबादी की कोई हिस्सेदारी नहीं है। उन्होंने कहा, दो-तीन फीसदी लोग हलवा बांट रहे हैं और उन्हें ही हलवा मिल रहा है। उन्होंने जाति जनगणना का मुद्दा उठाते हुए कहा, देश की बड़ी आबादी जनगणना चाहती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि 'इंडिया' की सरकार आने पर जनगणना कराएंगे।

### राहुल गांधी और संसदीय कार्यमंत्री में नोकझोंक :

लोकसभा में बजट पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस बीच, केंद्रीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने आपत्ति जताते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष को नियमों की जानकारी नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी पर सदन की गरिमा गिराने का भी आरोप लगाया। इस पर तंज कसते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वह उनकी मजबूरी समझते हैं। क्योंकि, उन्हें ए1 और ए2 का बचाव करना है। इस पर रिजिजू ने कहा कि उन्होंने बोलने के लिए लोकसभा अध्यक्ष से इजाजत ली है।

### अग्निपथ पर देश को गुमराह किया : राजनाथ

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आम बजट को लेकर जो गलतफहमियां फैलाई हैं, उनका जवाब वित्त मंत्री देंगी। पर वे राष्ट्रीय सुरक्षा और अग्निपथ योजना जैसे संवेदनशील मुद्दे पर देश को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा, सदन जब चाहे, वह अग्निवीर योजना पर बयान देने के लिए तैयार हैं। इस पर राहुल गांधी ने कहा, राष्ट्रपति पर अभिभाषण पर चर्चा के दौरान रक्षा मंत्री ने अग्निवीर को मुआवजा देने की बात कही थी, पर हकीकत यह थी कि शहीद अग्निवीर के परिवार को सिर्फ बीमा का पैसा मिला था। मुआवजा बाद में दिया गया था।

### वित्त मंत्री पर उपहास का आरोप

राहुल गांधी ने लोकसभा में बजट के निर्माण में दलित, आदिवासी, पिछड़ी जाति, अल्पसंख्यकों और वंचितों की हिस्सेदारी का मुद्दा उठाया। लोकसभा में नेता विपक्ष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि जब वह संसद में जातिगत जनगणना की बात उठा रहे तो वित्त मंत्री ने हंसकर इस गंभीर विषय का उपहास किया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन हर कीमत पर जातिगत जनगणना को हकीकत बना कर वंचितों को न्याय दिलाएगा।

# कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में विद्यार्थियों की मौत पर संसद में हंगामा

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली के एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में तीन विद्यार्थियों की मौत पर संसद के दोनों सदनों में सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। भाजपा ने हादसे के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को जिम्मेदार ठहराया। आप ने इस पर पलटवार किया और कहा कि मामले में कार्रवाई करने की जिम्मेदारी उपराज्यपाल की है। भाजपा उपराज्यपाल के साथ मिलकर साजिश रच रही है। वहीं विभिन्न दलों के सदस्यों ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की और कोचिंग संस्थानों के नियमन के लिए कड़े कानून बनाए जाने का सुझाव दिया।



### जिम्मेदार लोगों की आंखों में शिकन तक नहीं : सुधांशु त्रिवेदी

राज्यसभा में भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने दिल्ली सरकार की आलोचना करते हुए कहा, जिनके आंखों में आंसू रहने चाहिए, उनके चेहरे पर शिकन तक नहीं आई। यह घटना अचानक नहीं हुई। कई लोग संस्थान को लेकर शिकायत कर चुके थे। ताजा शिकायत 26 जुलाई को ही की गई थी। सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया। यह न केवल गैर जिम्मेदाराना बल्कि आपराधिक लापरवाही का मामला भी है। उन्होंने कहा, 'आप सरकार लंबे समय से दिल्ली में है और अब एमसीडी भी उनके पास है। लोग अब देख रहे हैं कि यह कितना खतरनाक साबित हो रहा है।

### कोचिंग संस्थानों को नियमित करने का काम केंद्र का : संजय सिंह

राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा, कोचिंग संस्थानों को नियमित करने का काम केंद्र सरकार को करना है। दिल्ली में कोचिंग संस्थान बेसमेंट में, आज से नहीं बल्कि 25 वर्ष से चल रहे हैं। उन्होंने कहा, मामले में कार्रवाई करने की जिम्मेदारी उपराज्यपाल की है। इसके बावजूद भाजपा उपराज्यपाल के साथ मिलकर साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने अधिकारियों को नालों की सफाई के कई बार आदेश दिये, किंतु अधिकारी मंत्री की नहीं बल्कि उपराज्यपाल की बात सुनते हैं।

# सिसोदिया की जमानत पर सुनवाई 5 अगस्त तक टली

**ED ने सुप्रीम कोर्ट से जवाब दाखिल करने समय मांगा**

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट मनीष सिसोदिया की जमानत से जुड़ी याचिकाओं पर अब 5 अगस्त को सुनवाई करेगा। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान ED ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा। जिसके बाद जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने सुनवाई स्थगित कर दी। ED की तरफ से ASG ने सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई होने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 4 जून के आदेश ने सिसोदिया को केवल ट्रायल कोर्ट में नई जमानत याचिका दायर करने



का अधिकार दिया गया है, न कि सुप्रीम कोर्ट में। सिसोदिया को पिछले साल 26 फरवरी को CBI ने और 9 मार्च को ED ने गिरफ्तार किया था। उन्होंने 28 फरवरी 2023 को दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दिया था। वे फिलहाल तिहाड़ जेल में हैं। ED केस में 3 जुलाई को दिल्ली की एक अदालत ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ा दी थी। CBI केस में सिसोदिया 31 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में हैं।

### मनीष सिसोदिया पर 16 महीने से हिरासत में

सिसोदिया ने अपनी याचिका में कहा है कि 2023 अक्टूबर से उनके खिलाफ मुकदमे में कोई प्रोग्रेस नहीं हुई है। इसलिए दिल्ली आबकारी मामलों में जमानत की मांग वाली पिछली याचिका पर फिर से विचार किया जाना चाहिए। इससे पहले 11 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में मनीष सिसोदिया की जमानत की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई से ठीक पहले जस्टिस संजय कुमार ने बेंच से खुद को अलग कर लिया था, जिसके बाद सुनवाई टल गई थी।

# राजनाथ की अध्यक्षता में हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक

**नेविगेशन प्रणाली की खरीद को मंजूरी**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) की अहम बैठक आज नई दिल्ली में आयोजित हुई। इस बैठक में, भारतीय सेना के बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों और 22 इंटरसेप्टर नौकाओं के लिए नेविगेशन प्रणाली की खरीद को मंजूरी मिली है। हालांकि नेविगेशन प्रणाली और 22 इंटरसेप्टर नौकाओं की खरीद की कीमत का खुलासा नहीं हो सका है।



वहीं इस बैठक को लेकर रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारतीय तटरक्षक बल की क्षमता बढ़ाने के लिए, डीएसी ने नवीनतम अत्याधुनिक प्रणाली के साथ 22 इंटरसेप्टर नौकाओं की खरीद के लिए स्वीकृति प्रदान की। इन नौकाओं का उपयोग चिकित्सा निकासी समेत तटीय निगरानी और गश्त, खोज और बचाव कार्यों के लिए किया जाएगा। यह उपकरण भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड से भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित श्रेणी के अंतर्गत खरीदे जाएंगे।

### एक अगस्त से 31 अक्तूबर के बीच कंपनियों को वाहन नंबर समेत अन्य केवाईसी को करना होगा अपडेट

# एक अगस्त से फास्टैग से जुड़े नए नियम होंगे लागू

एजेंसी । नई दिल्ली

एक अगस्त से फास्टैग से जुड़ी सेवाओं पर नया नियम लागू होने जा रहा। अब वाहन लेने के बाद 90 दिन के अंदर फास्टैग नंबर पर वाहन का पंजीकरण नंबर अपलोड करना होगा। अगर निर्धारित अवधि में नंबर अपडेट नहीं किया तो उसे हॉटलिस्ट में डाल दिया जाएगा। उसके बाद 30 दिन का अतिरिक्त समय मिलेगा लेकिन उसमें भी वाहन नंबर अपडेट नहीं हुआ तो फास्टैग ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा। हालांकि राहत की बात यह है कि फास्टैग सेवा प्रदाता कंपनियों को 31 अक्तूबर तक पांच और तीन साल पुराने सभी फास्टैग की केवाईसी करनी होगी।

**एक अगस्त से प्रभावी होंगे यह नियम**

- कंपनियों को पांच वर्ष पुराने फास्टैग को प्राथमिकता के आधार पर बदलना होगा
- तीन वर्ष पुराने फास्टैग की पुन :केवाईसी करनी होगी
- फास्टैग से वाहन पंजीकरण नंबर, चेसिस नंबर जुड़ा होना चाहिए
- नया वाहन लेने के बाद 90 दिन के अंदर उसका नंबर अपडेट करना होगा
- फास्टैग सेवा प्रदाता कंपनियों द्वारा वाहन डाटाबेस को सत्यापित किया जाए
- केवाईसी करते वक्त वाहन की सामने की और साइड की साफ फोटो अपलोड करनी होगी



- फास्टैग मोबाइल नंबर से लिंक होना अनिवार्य होगा
- केवाईसी सत्यापन प्रक्रिया के लिए ऐप, व्हाट्सऐप व पोर्टल जैसी सेवा उपलब्ध करानी होगी
- कंपनियों को 31 अक्तूबर 2024 तक केवाईसी नियमों को पूरा करना होगा

# भारत में बीते 5 साल में 528 हाथियों की मौत

**सबसे ज्यादा हाथी करंट से मारे गए**

**नई दिल्ली।** भारत में बीते 5 सालों में 528 हाथियों की मौत हुई है। इनमें सबसे ज्यादा मौतें करंट के कारण हुईं। इसके अलावा अवैध शिकार, जहर, ट्रेन हादसे में हाथियों की मौत शामिल है। सोमवार (29 जुलाई) को केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने संसद में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 392 हाथियों की मौत बिजली के झटके से हुई और 73 की मौत ट्रेन दुर्घटनाओं में हुई है। ओडिशा में 71, असम में 55, कर्नाटक में 52, तमिलनाडु में 49, छत्तीसगढ़ में 32, झारखंड में 30 और केरल में 29 हाथियों की मौत बिजली के झटके से हुई। असम और ओडिशा में ट्रेन दुर्घटनाओं में 22 और 16 हाथियों की मौत दर्ज की गई। शिकारियों ने ओडिशा में 17, मेघालय में 14 और



तमिलनाडु में 10 हाथियों को मार डाला। असम में दस, छत्तीसगढ़ में दो और पश्चिम बंगाल में एक हाथी को ज़हर देकर मार दिया गया। लोकसभा में पेश किए गए सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2017 में की गई आखिरी हाथी जनगणना के अनुसार भारत में 29,964 हाथी हैं। जो उनकी वैश्विक आबादी का लगभग 60 प्रतिशत है।

**पहल** | **चीफ जस्टिस डी वाई.चंद्रचूड़ ने शेयर किया अनुभव**

# SC में 3 अगस्त तक रोजाना चलेंगे लोक अदालत

एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार से अपनी पहली विशेष लोक अदालत शुरू की। इस लोक अदालत के जरिए सुप्रीम कोर्ट की कोशिश है कि जो भी सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामले हैं, उन पर जल्दी सुनवाई की जाए। सोमवार से 3 अगस्त तक रोजाना लोक अदालत चलेंगे। चीफ जस्टिस डी वाई. चंद्रचूड़ ने इस पर अपने अनुभव शेयर किया है।



### संस्थागत होने की जताई उम्मीद

उन्होंने आगे कहा कि न्यायाधीशों के साथ लोक अदालत पैनल के हिस्से के रूप में बार सदस्यों की उपस्थिति ने पूरे समाज में यह सही संदेश दिया है कि हम न्याय करने के अपने प्रयासों में एकजुट हैं, खासकर इन छोटे-छोटे मामलों में शामिल नागरिकों के लिए। मुझे उम्मीद है कि इस लोक अदालत के साथ यह अब भविष्य में सुप्रीम कोर्ट में संस्थागत हो जाएगा।

### चीफ जस्टिस ने बताए अपने अनुभव

आज चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने इस पर जानकारी देते हुए कहा, इस पूरे हफ्ते सुप्रीम कोर्ट की 7 बेंचों द्वारा लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। आज हमारा अनुभव यह रहा कि यह एक शानदार सफलता थी। लोक अदालत में बार, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों का सहयोग है, तथा हाई कोर्ट्स, राज्य सरकारों और बीमा कंपनियों द्वारा व्यापक जमीनी कार्य किया गया है। इसका उद्देश्य छोटे-छोटे मामलों का निपटारा करना है। लोगों को यह एहसास नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट में छोटे-छोटे मामले कैसे आते हैं, इसलिए हमने सेवा विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, मोटर दुर्घटना दावा मामले, चेक अनादर मामले जैसे मामलों को चुना हैं।

### लोक अदालत का क्या है उद्देश्य?

सुप्रीम कोर्ट की इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित मामलों की संख्या में कमी लाना है। लोक अदालत 29 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। लोक अदालत प्रतिदिन दोपहर 2 बजे के बाद आयोजित की जाएगी और इसमें मामले की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट के दो न्यायाधीश, एक वरिष्ठ अधिवक्ता और एक एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड शामिल होंगे।

# हाईटेंशन तार की चपेट में आए 22 कांवड़िए

**एक की मौत, 2 की हालत गंभीर**

एजेंसी । हरदोई/फरीदाबाद

उत्तर प्रदेश और हरियाणा में हुई दो अलग-अलग घटनाओं में कुल 22 कांवड़िए हाईटेंशन तार की चपेट में आ गए। इन घटनाओं में एक कांवड़िए की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। हरदोई में कांवड़ियों ने कछौना क्षेत्र के खाजोहना से जलाभिषेक शुरू किया था। वह मेहंदी घाट की तरफ जा रहे थे। शिव की भक्ति में डूबे कांवड़िए डीजे बजाकर झूमते हुए जा रहे थे। इसी दौरान जिस पिकअप पर डीजे लगा हुआ था, उस पिकअप के ऊपरी हिस्से में लगा पाइप हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया। हरदोई में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से आठ कांवड़िए झुलस गए। इनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों का इलाज जारी है। वहीं, हरियाणा के फरीदाबाद में 14 कांवड़िए हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गए। इनमें से एक की मौत हो गई और 13 अन्य झुलग गए।

### फरीदाबाद में भी डीजे की वजह से हादसा



हरियाणा के फरीदाबाद में एक कैंटर-ट्रक पर सवार थे और यह ट्रक हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि मृतक की पहचान तिगांव निवासी नितिन(20) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गांव के लगभग 14 युवक डाक कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार जाने की तैयारी कर रहे थे जिसके लिए वे एक कैंटर-ट्रक में बल्लभगढ़ से तेज आवाज वाले वाद्य यंत्र लगवाकर तिगांव आ रहे थे। प्रवक्ता के मुताबिक, नवादा स्थित शिव कॉलेज के पास कैंटर-ट्रक हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया और उसमें बैठे लगभग 14 कांवड़िये बुरी तरह झुलस गए।

### तिगांवा में भर्ती हैं घायल

उन्होंने बताया कि सभी घायलों को तिगांव के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन नितिन की गंभीर हालत को देखते हुए उसे दूसरे निजी अस्पताल रेफर किया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय निवासी जयप्रकाश ने बताया कि बिजली के तार काफी नीचे हैं जिसकी शिकायत गांव के सरपंच ने बिजली विभाग को की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।